राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in

# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 257
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
सोमवार 11 अगस्त 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236



मुख्य अपडेट
पेज 3 नोएडा में बिल्डिंग बॉयलॉज का उल्लंघन पड़ेगा भारी
पेज 4 रक्षाबंधन पर क्षेत्र में उमड़ा स्नेह का सैलाब, भाई-बहन के रिश्ते
पेज 6 सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद महिलाओं ने गाया

## संक्षिप्त खबरें

### मेरठ में युवक की हत्या

**मेरठ।** मेरठ में 30 साल के युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। युवक दो बेटियों को स्कूल से छोड़कर लौट रहा था। तभी घर से 500 मीटर दूर बाइक सवार बदमाशों ने वारदात को अंजाम दिया। घटना का सीसीटीवी भी सामने आया है। इसमें युवक सड़क पर मोबाइल चलाते हुए पैदल जाता दिख रहा है, तभी पीछे से एक बदमाश आता है। युवक के सिर में पीछे से तमंचा सटाकर गोली मार देता है। गोली लगते ही वह मुंह के बल गिर जाता है। आरोपी तुरंत मौके से भाग जाता है। आसपास के लोग युवक को आनन-फानन में पीएल शर्मा अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने असलम को मृत घोषित कर दिया।

### ओडिशा में युवती के आत्महत्या मामले में पूर्व प्रेमी गिरफ्तार

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के केंद्रपाड़ा जिले में 19 साल की युवती की आत्महत्या के मामले में पुलिस ने रविवार को उसके पूर्व प्रेमी को गिरफ्तार किया है। युवती का जला हुआ शव 6 अगस्त को घर की सीढ़ियों पर मिला था। पुलिस जांच में सामने आया कि दोनों के रिश्ते खत्म हो चुके थे, लेकिन आरोपी लगातार निजी वीडियो लीक करने की धमकी देता रहा। पुलिस ने बताया, उसने बाद में ये वीडियो युवती के पिता और 5-6 अन्य लोगों को भेज दिए। आरोपी के फोन से 60 अश्लील वीडियो मिले हैं। पुलिस का कहना है कि 6 अगस्त की सुबह 7: 34 बजे उसने पीड़िता को संदेश भेजा, जिसके तुरंत बाद उसने आत्महत्या कर ली।

# बिना नोटिस के किसी भी वोटर का नाम नहीं हटाया जाएगा

**एसआईआर पर सुप्रीम कोर्ट में चुनाव आयोग का हलफनामा**




**नई दिल्ली।** बिहार मतदाता सूची विशेष सघन पुनरीक्षण (एसआइआर) मामले में चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट में जवाब दाखिल कर कहा है कि बिहार में प्रारूप मतदाता सूची से बिना पूर्व सूचना, सुनवाई का अवसर और तर्कपूर्ण आदेश जारी किये बगैर किसी भी मतदाता का नाम नहीं हटाया जाएगा।

आयोग ने सभी वास्तविक मतदाताओं को मतदाता सूची में शामिल करने का भरोसा दिलाते हुए इसके लिए किये जा रहे प्रयास और प्रचार का ब्योरा भी दिया है।

हालांकि चुनाव आयोग ने जिन 65 लाख लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाए हैं उनकी जानकारी सार्वजनिक तौर पर देने से इनकार किया है। आयोग ने कहा है कि न तो कानून में और न ही दिशा-निर्देशों में ये है कि जिन लोगों ने किसी भी कारण से गणना फार्म नहीं भरा है, उनकी सूची तैयार करके साझा की जाएगी, इसलिए याचिकाकर्ता अधिकार के तौर पर ऐसी किसी लिस्ट की मांग या दावा नहीं कर सकता।

वैधानिक ढांचे के अनुसार जिन लोगों के नाम प्रारूप मतदाता सूची में नहीं हैं उनके नामों की अलग से सूची तैयार करना और उसे साझा करना तथा उनके नामों को न शामिल करने का कारण प्रकाशित करना जरूरी नहीं है।

### बिहार में एसआईआर का पहला चरण पूरा

चुनाव आयोग ने सुप्रीम कोर्ट के एडीआर की अर्जी के जवाब में दो हलफनामे दाखिल कर ये बात कही है। एडीआर ने प्रारूप सूची प्रकाशित होने के बाद एक नयी अर्जी दाखिल कर प्रारूप सूची में करीब 65 लाख लोगों के नाम हटाए जाने का आरोप लगाते हुए मांग की थी कि कारण बताते हुए हटाए गए नामों की सूची मुहैया की जाए।

कोर्ट ने चुनाव आयोग से अर्जी का जवाब देते हुए हलफनामा देने को कहा था। आयोग ने शनिवार को दाखिल किये गए हलफनामे में कहा है कि बिहार में एसआइआर का पहला चरण पूरा हो गया है। मसौदा मतदाता सूची विधिवत प्रकाशित कर दी गई है।

# ऑपरेशन अखल-पंजाब के 2 जवान कुलगाम में शहीद

### सरकार देगी 1-1 करोड़

**खन्ना।** जम्मू-कश्मीर में कुलगाम जिले के अखल जंगल में आतंकियों से चल रही मुठभेड़ में पंजाब के दो जवान शहीद हो गए। फतेहगढ़ साहिब लोकसभा क्षेत्र के गांव बदीनपुर के 26 वर्षीय सिपाही हरमिंदर सिंह और खन्ना के गांव मानूपुर के 28 वर्षीय लांस नायक प्रीतपाल सिंह ने देश के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। रक्षाबंधन से ठीक पहले आई इस खबर ने दोनों परिवारों में मातम का माहौल है। प्रीतपाल सिंह की शादी को अभी सिर्फ 4 महीने ही हुए थे ।परिवार राखी पर घर में खुशियां मनाने की उम्मीद कर रहा था।

वहीं, हरमिंदर सिंह की मां और बहनें उनकी सुरक्षित वापसी का इंतजार कर रही थीं, लेकिन उनके शहीद होने की खबर पहुंची। बता दें कि जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में ऑपरेशन अखल को स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप, जम्मू-कश्मीर पुलिस, सेना और सीआरपीएफ अंजाम दे रहे हैं।

# भारत-पाकिस्तान की नौसेनाएं से अरब सागर में अभ्यास करेगी

**दोनों देशों ने अपने-अपने एरिया में एयर ट्रैफिक मूवमेंट रोकने का नोटिस जारी किया**

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान की नौसेनाएं सोमवार को एक ही समय पर अरब सागर में अभ्यास करेगी। यह ड्रिल अगले कुछ दिनों तक चलेगी। डिफेंस सोर्स ने न्यूज एजेंसी को बताया कि भारतीय नौसेना के युद्धपोत 11-12 अगस्त को अरब सागर में अभ्यास करेंगे।

दोनों देशों ने अरब सागर में अपने-अपने वाटर एरिया में ड्रिल के लिए नोटिस टू एयरमैन जारी किया है। यह नोटिस तब जारी किया जाता है जब किसी एरिया में कुछ समय के लिए एयर ट्रैफिक मूवमेंट यानी हवाई यातायात पर बंद करनी होती है।

### ऑपरेशन सिंदूर के बाद दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ा

भारत ने 7 मई को रात डेढ़ बजे पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकियों के 9 ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की थी। सेना ने कहा था कि इस स्ट्राइक में 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए थे।

इनमें आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा का हेडक्वॉर्टर और जैश-ए-मोहम्मद के मुखिया मसूद अजहर का ठिकाना भी शामिल था।

इसके बाद से ही भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ा था। हालांकि 10 मई को दोनों देशों के बीच सीजफायर हुआ था। लेकिन तनाव की स्थिति अब भी बनी हुई है।

## चुनाव आयोग ने राहुल से वोट चोरी के सबूत मांगे

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्य चुनाव अधिकारी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को नोटिस भेजकर उनके वोट चोरी वाले बयान पर सबूत मांगे हैं। राहुल ने 7 अगस्त को आरोप लगाया था कि महादेवपुरा विधानसभा सीट पर 1 लाख से ज्यादा वोट चोरी हुए हैं और एक महिला ने दो बार मतदान किया। सीईओ ने रविवार को कांग्रेस नेता को भेजे लेटर में लिखा कि राहुल ने प्रेजेंटेशन में जो दस्तावेज और स्क्रीन शॉट दिखाए, वे चुनाव आयोग के रिकॉर्ड से मेल नहीं खाते। उन्होंने लिखा, जांच में यह भी सामने आया कि जिस महिला पर दो बार वोट डालने का आरोप लगाया गया, उसने खुद यह बात नकार दी है। सीईओ ने राहुल से कहा कि वे वह सभी दस्तावेज उपलब्ध कराएं, जिनके आधार पर उन्होंने ये आरोप लगाए हैं, ताकी विस्तृत जांच हो सके।

# जल्द हो सकता है अगला युद्ध

**हमें उसी के मुताबिक तैयारी करनी होगी : आर्मी चीफ**

**चेन्नई।** भारत के थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पाकिस्तान से जल्द ही दोबारा युद्ध होने की आशंका जताई है। उन्होंने कहा- अगला युद्ध जल्द हो सकता है। हमें उसी के मुताबिक तैयारी करनी होगी और इस बार हमें यह लड़ाई मिलकर लड़नी होगी। इसके अलावा ऑपरेशन सिंदूर को लेकर जनरल द्विवेदी ने कहा-ऑपरेशन सिंदूर के दौरान सरकार ने हमें फ्री हैंड दिया था।

ऑपरेशन में हम चेस खेल रहे थे। हमें नहीं पता था दुश्मन की अगली चाल क्या होगी और हम क्या करने वाले हैं। ऐसे ही पाक को भी हमारी चाल का नहीं पता था।



जनरल द्विवेदी ने कहा कि इसे ग्रे जोन कहा जाता है। इसका मतलब है कि हम पारंपरिक ऑपरेशन नहीं कर रहे हैं। थल सेनाध्यक्ष ने 4 अगस्त को आईआईटी मद्रास में अग्निशोध- इंडियन आर्मी रिसर्च सेल के उद्घाटन के दौरान यह बात कही थी। इसका वीडियो आज सामने आया।

### 25 अप्रैल को प्लानिंग की, 29 अप्रैल को पीएम से मुलाकात हुई

जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा- 25 अप्रैल को हमने उत्तरी कमान का दौरा किया। यहां ऑपरेशन की प्लानिंग की, जिसमें हमने 9 में से 7 आतंकी ठिकानों को नष्ट किया, इसमें कई आतंकी भी मारे गए।

उन्होंने कहा कि 29 अप्रैल को पीएम मोदी से मुलाकात की। यह महत्वपूर्ण है कि कैसे एक छोटा सा नाम ऑपरेशन सिंदूर पूरे देश को जोड़ता है। यह एक ऐसी बात है जिसने पूरे देश को प्रेरित किया। यही कारण है कि पूरा देश कह रहा था कि आपने इसे क्यों रोक दिया? यह सवाल पूछा जा रहा था और इसका भरपूर जवाब दिया गया है।

### क्या है 'अग्निशोध'

अग्निशोध- इंडियन आर्मी रिसर्च सेल डिफेंस टेक्नोलॉजी में बड़ा कदम है। इसका मोटिव सैन्य कर्मियों को एडिटिव मैन्युफैक्चरिंग, साइबर सिक्योरिटी, क्वांटम कंप्यूटिंग, वायरलेस कम्युनिकेशन और अनमैन्ड सिस्टम जैसे एरिया में कुशल बनाना है। जिससे टेक्नोलॉजी की योग्यता रखने वाली फोर्स बनाई जा सके।



## हैप्पी मॉर्निंग

पप्पू डॉक्टर के पास गया...
पप्पू- डॉक्टर साहब एक समस्या है।
डॉक्टर- क्या परेशानी है? पप्पू- जब मैं किसी से बात करता हूं तो वो इंसान मुझे दिखता नहीं। डॉक्टर- ऐसा कब होता है? पप्पू- फोन पर बात करते वक्त। डॉक्टर- भाग जा यहां से, वरना तू इस धरती पर नहीं दिखेगा।



## शायरी

नीचं नीच कह मारहिं, जानत नाहिं नादान।
सभ का सिरजन हार है, रैदास एकै भगवान॥

## अर्थसार



सेंसेक्स:
79,857.79
-765.47 (0.95%)
निफ्टी:
24,363.30
-232.85

## मौसम



अधिकतम : 33 डिग्री से0
न्यूनतम : 28 डिग्री से0
सूयोदय सोमवार : 5 : 49
सूर्यास्त रविवार : 7 : 00

# बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर का अपग्रेडेशन शुरू

**एअर इंडिया बोली- 3300 करोड़ खर्च कर ज्यादा भरोसेमंद बनाएंगे**

**नई दिल्ली।** एअर इंडिया ने अपने बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर विमानों को अपग्रेड करने का काम शुरू कर दिया है। 12 जून को अहमदाबाद में एअर इंडिया का बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर ही क्रैश हुआ था, इस हादसे में 270 लोगों की जान गई थी। कंपनी ने शुक्रवार को बताया था कि यह काम 400 मिलियन अमेरिकी डॉलर (करीब 3,340 करोड़ रुपए)



के बड़े प्रोग्राम का हिस्सा है, जिसमें विमानों को आधुनिक और ज्यादा भरोसेमंद बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है। इस दौरान 26 ड्रीमलाइनर में से 7 विमानों की भारी सर्विसिंग भी होगी। इससे लंबी दूरी की अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में समय पर संचालन और सुरक्षा में सुधार होगा।

एअर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा, नए बदलावों से हमारे पुराने विमान भी नए विमानों की तरह आधुनिक हो जाएंगे। यात्रियों को ज्यादा आराम मिलेगा और क्रू को ज्यादा भरोसेमंद ऑपरेशन करने में मदद मिलेगी।

कंपनी के मुताबिक, बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर के लिए चल रहा 'रिलाइबिलिटी इनहांसमेंट प्रोग्राम' में एवियोनिक्स को अपडेट किया जा रहा है और जरूरी पुर्जों को बदला जा रहा है, ताकि विमान नए नियमों के मानकों पर खड़ा उतरें।

# 'अंग प्रत्यारोपण में महिलाओं को मिले प्राथमिकता'

**स्वास्थ्य मंत्रालय ने दिए निर्देश; राज्य नियुक्त करेंगे ब्रांड एंबेसडर**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को अंग प्रत्यारोपण की प्रतीक्षा सूची में महिला मरीजों को प्राथमिकता देने के लिए कहा है।

मंत्रालय ने यह भी सुझाव दिया है कि अंग प्रत्यारोपण की प्रतीक्षा कर रहे मृत दाताओं के निकट संबंधियों को प्राथमिकता दें।

राष्ट्रीय अंग और ऊतक प्रत्यारोपण संगठन (एनओटीटीओ) की ओर से सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को जारी एडवाइजरी में ये सुझाव दिए गए हैं। यह एडवाइजरी दो अगस्त को भारतीय अंगदान दिवस के अवसर पर जारी की गई थी।

एडवाइजरी में कहा गया है कि मृत अंगदाताओं का सम्मानजनक तरीके से अंतिम संस्कार किया जाए। उनके स्वजन को 15 अगस्त, 26 जनवरी, राज्य स्थापना दिवस सार्वजनिक कार्यक्रमों में सम्मानित किया जाए।

मृत दाता अंग प्रत्यारोपण की प्रतीक्षा सूची में महिला मरीजों को अतिरिक्त अंक देने का प्रविधान किया जाए ताकि लैंगिक असमानता को दूर किया जा सके।

यदि किसी मृत दाता के निकट संबंधी



को अंग प्रत्यारोपण की जरुरत है, तो उसे प्राथमिकता दी जाए।

### एडवाइजरी में यह भी सलाह दी गई

राज्य सड़क दुर्घटनाओं के शिकार और मस्तिष्काघात के मरीजों में संभावित मृत दाताओं की समय पर पहचान के लिए आपातकालीन सेवाकर्मियों और एंबुलेंस कर्मचारियों को प्रशिक्षित करें तथा इस बारे में अस्पताल के अंगदान समन्वयक को सूचित करे। जन जागरूकता गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए राज्यों को ब्रांड एंबेसडर नियुक्त करने का सुझाव भी दिया गया है।

अंगदान और प्रत्यारोपण में प्रत्यारोपण समन्वयकों की अहम भूमिका को देखते हुए, अंग प्रत्यारोपण या अंग निकासी करने वाले अस्पतालों में उनके लिए स्थायी पद सृजित करें।

## 26 अगस्त को नेवी में एक साथ शामिल होंगे दो युद्धपोत

नई दिल्ली। युद्धपोत उदयगिरी और हिमगिरी 26 अगस्त को विशाखापत्तनम में एक साथ नौसेना में शामिल होंगे। ये युद्धपोत प्रोजेक्ट 17ए के स्टेल्थ फ्रिगेट्स का हिस्सा हैं। नौसेना के प्रवक्ता ने बताया कि नौसेना 26 अगस्त को दो अग्रिम पंक्ति के युद्धपोतों- उदयगिरि (एफ35) और हिमगिरि (एफ34) को एक साथ नौसेना में शामिल करने की तैयारी कर रही है। यह पहली बार है जब दो प्रमुख युद्धपोतों को दो भारतीय शिपयार्ड से एक साथ विशाखापत्तनम में नौसेना में शामिल किया जा रहा है। अधिकारियों ने कहा कि यह भारत के तेजी से बढ़ते नौसैनिक आधुनिकीकरण और विभिन्न शिपयार्डों से अत्याधुनिक युद्धपोतों की आपूर्ति करने की उसकी क्षमता को रेखांकित करता है। यह उपलब्धि रक्षा क्षेत्र में मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत पहल की सफलता को दर्शाती है। हिमगिरी गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स (जीआरएसई) द्वारा निर्मित पी17ए युद्धपोतों में से पहला युद्धपोत है।

# रॉबर्ट वाड्रा पर 58 करोड़ की अवैध कमाई का आरोप

**ईडी का दावा- 2 कंपनियों से ये रकम कमाई; इससे प्रॉपर्टी खरीदी, इन्वेस्टमेंट किया**

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने अपनी चार्जशीट में दावा किया है कि कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी के पति रॉबर्ट वाड्रा ने 58 करोड़ रुपए अवैध रूप से कमाए। उन्होंने इस रकम का इस्तेमाल प्रॉपर्टी खरीदने और इन्वेस्टमेंट में किया। साथ ही अपने ग्रुप की कंपनियों को लोन दिया और उनके कर्ज चुकाने में भी किया।

न्यूज एजेंसी ने ईडी के हवाले से बताया, वाड्रा को करीब 5 करोड़ रुपए ब्लू ब्रीज ट्रेडिंग प्राइवेट लिमिटेड के जरिए मिले। बाकी 53 करोड़ रुपए स्काई लाइट हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड के जरिए आए।

एजेंसी के मुताबिक, यह सारा पैसा अपराध से जुड़ी गतिविधियों से कमाया गया था और इसे बाद में अलग-अलग इन्वेस्टमेंट और प्रॉपर्टी खरीदने में लगाया गया।

### कंपनी रिकॉर्ड और गवाहों के बयान से ट्रांजैक्शन ट्रैक किया

अधिकारियों के अनुसार, जांच के दौरान बैंक लेन-देन, कंपनी रिकॉर्ड और गवाहों के बयान के आधार पर यह ट्रांजैक्शन ट्रैक किया गया। जिन कंपनियों के जरिए धन आया, उनका संचालन वाड्रा के नजदीकी सहयोगियों के हाथों में था। इन चैनलों का उपयोग रकम को कानूनी स्वरूप देने के लिए किया गया।

ईडी ने चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी है और अब इस पर सुनवाई होगी। अगर कोर्ट आरोप तय करता है, तो वाड्रा को मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम कानून के तहत सजा मिल सकती है। फिलहाल वाड्रा ने इन आरोपों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।



### गुरुग्राम लैंड डील में रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ चार्जशीट दायर

हरियाणा के गुरुग्राम लैंड डील केस में एन्फोर्समेंट डायरेक्टोरेट ने 17 जुलाई को रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ चार्जशीट पेश की थी। यह चार्जशीट लैंड डील से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में पेश की गई थी। यह पहली बार था जब किसी जांच एजेंसी ने किसी आपराधिक मामले में वाड्रा के खिलाफ चार्जशीट दायर की। वाड्रा के अलावा इस चार्जशीट में कई अन्य लोगों के साथ कंपनियों के नाम भी शामिल हैं। उनकी 37.64 करोड़ रुपए की संपत्ति भी अटैच की गई है।

**सुसाइड**

**रक्षाबंधन को लेकर पति से हुआ था विवाद**

# 3 बच्चों को साड़ी में बांधकर नहर में कूदी महिला, चारों की मौत

बांदा। बांदा में महिला ने 3 बच्चों के साथ सुसाइड कर लिया। शुक्रवार रात रक्षाबंधन को लेकर उसका पति से झगड़ा हुआ। इसके बाद वह 3 बच्चों को लेकर घर से निकल गई। घर से 1 किलोमीटर दूर तीनों बच्चों को साड़ी से कमर में बांधकर नहर में छलांग लगा दी। जिससे चारों की मौत हो गई।

सुबह जब पति उठा तो घर में पत्नी और बच्चे नहीं मिले। उसने गांव में उनकी तलाश की, लेकिन उनका कहीं पता नहीं चला।

गांव की नहर के पास महिला की चूड़ी और बच्चों के चप्पल पड़े थे। इसके बाद नहर में उनकी तलाश की गई।



शनिवार सुबह चारों के शव नहर से बरामद किए गए। पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। मामला बांदा कोतवाली के रिसौरा गांव का है।

### अब पढ़िए पूरा मामला...

रिसौरा गांव में अखिलेश अपनी पत्नी रीना देवी (32) और 3 बच्चों हिमांशु (9), प्रिंस (4) और अंशी(5) के साथ रहते थे। अखिलेश के छोटे भाई का परिवार भी साथ ही रहता है। शुक्रवार रात को महिला का पति रात में देर से शराब पीकर घर आया। महिला ने कहा कि कल रक्षाबंधन है और आप इतनी रात को शराब पीकर आ रहे हैं।

इस बात को लेकर पति पत्नी को पीटने लगा। इससे दुखी होकर महिला बच्चों को लेकर घर से निकल गई। उस समय पति सो रहा था। घर से 1 किलोमीटर दूर केन नहर में उसने रात में ही छलांग लगा दी। शनिवार सुबह अखिलेश ने महिला की तलाश शुरू की।

नहर के पास महिला की चूड़ी-कंगन, फटी साड़ी और उसके चप्पल पड़े मिले। जिसके बाद ग्रामीणों ने महिला के नहर में छलांग लगाने की आशंका जाहिर की।

### नहर में 1 किमी दूर शव मिला

पुलिस और गोताखोरों को मौके पर बुलाया गया। नहर का पानी रुकवाकर जाल डाला गया।

1-2 घंटे की तलाश के बाद चारों के शव नहर से 1 किलोमीटर दूर बरामद हो गए। चारों के सिर पर चोट के निशान मिले हैं। पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। आरोपी पति को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।

# नोएडा में बिल्डिंग बॉयलॉज का उल्लंघन पड़ेगा भारी

## आवंटन किया जाएगा निरस्त, दो साल में दिए गए धारा-10 के नोटिस का होगा रिव्यू

**नोएडा।** नोएडा में जिन भवनों पर प्राधिकरण ने धारा 10 (बिल्डिंग बॉयलॉज) का नोटिस जारी किया है। नोटिस का पालन नहीं करने वाले आवंटियों का आवंटन निरस्त किया जाए। साथ ही दो साल में जारी किए गए सभी नोटिस का रिव्यू किया जाए। ये निर्देश प्राधिकरण सीईओ डा लोकेश एम ने दे दिया है।

### नोटिस भवन पर चस्पा किए जाए

इस प्रकार के नोटिस, जोकि आवंटियों को नहीं मिले है। परिसंपत्ति पर चस्पा कराए जाएं। सीईओ लोकेश एम ने कहा कि यूनीफाइड पालिसी के अंतर्गत भूखंड आवंटन के लिए योजना, शहर में अतिक्रमण, भूखंडों के सापेक्ष किए गए।

सीआईसी, टीएम एवं उनसे प्राप्त धनराशि, विभिन्न परिसम्पत्तियों के आवंटियों को जारी किए गए धारा-10 के नोटिस, भंगेल एलिवेटेड रोड परियोजना एवं उसके नीचे के रोड के निर्माण की स्थिति, आइजीआरएस की शिकायत निपटारा की स्थिति, होने वाले जलभराव की समस्या के निराकरण किया जाए।

सीईओ ने गौतमबुद्धनगर के अन्य दोनों प्राधिकरणों के साथ समन्वय कर भूखंड आवंटन के लिए यूनिफाइड पालिसी के अंतर्गत योजना लॉन्च की जाए। इस संबंध में वाणिज्यिक एवं औद्योगिक विभाग की ओर से भूखंड योजना लॉन्च की जा चुकी है।

अन्य परिसंपत्ति विभागों को भी योजना लांच किए जाने की कार्यवाही के लिए निर्देशित किया गया। परिसंपत्ति विभागों से विचार-विमर्श कर दो सालों में किए गए सीआईसी, टीएम के सापेक्ष प्राप्त की गई धनराशि का विवरण उपलब्ध कराने के लिए वित्त विभाग को निर्देश दिया गया।



### भंगेल एलिवेटेड के नीचे पूरा करे काम

निर्माणाधीन भंगेल एलिवेटेड रोड परियोजना निर्माण कार्य पूर्ण कराने के साथ एलिवेटेड रोड के नीचे सड़क, नाली, बाक्स, कल्वर्ट का निर्माण पूर्ण कराने को कहा। अगले सप्ताह तक ड्रेनेज, रेन वाटर हार्वेस्टिंग का कार्य शुरू किया जाए। एलिवेटेड रोड के साथ एप्रोच रोड सुगम, लाइटिंग एवं फुटपाथ की समुचित ऊंचाई रखी जाए। प्रहरी एप का संचालन सभी विभागों की ओर से किया जाए, 15 अगस्त से ई आफिस पर काम शुरू किया जाए।

# आरआरयू चोरी करने वाले बदमाशों से पुलिस मुठभेड़

## 8 आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा, पैर में गोली लगने से दो घायल





**नोएडा। वकार सैफी।** नोएडा के थाना सेक्टर-39 पुलिस और मोबाइल टावर से आरआरयू चोरी करने वाले कार सवार बदमाशों के बीच अण्डरपास के सामने चेकिंग के दौरान हुई मुठभेड़, दो बदमाश पुलिस की गोली लगने घायल हो गए। जिन्हे इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है, पुलिस ने छह बदमाशों को कॉम्बिंग के बाद गिरफ्तार किया गया है।

बता दे कि पुलिस के साथ हुए मुठभेड़ में पुलिस की गोली लगने से घायल बदमाशों कि पहचान गाजियाबाद निवासी आबिद और हापुड निवासी फारूख के रुप हुई है।

बदमाशों के साथी, फैजान, आयान, मुमताज, इस्तखार, मोहम्मद मोईन और मोहम्मद कैफ को कॉम्बिंग के बाद गिरफ्तार किया गया है।

एडिशनल डीसीपी ने बताया की शुरुआती पुछताछ से पता चला है कि नोएडा एनसीआर से टावरों से आरआरयू चोरी करने वाला गैंग है।

एडिशनल डीसीपी ने बताया कि बख्तावरपुर अण्डरपास के सामने चेकिंग के दौरान जब बदमाशो को रोकने का प्रयास किया, पुलिस टीम पर फायर कर भागने लगे, पुलिस जवाबी कार्रवाही में दो बदमाश घायल हो गये, छह बदमाशों को कॉम्बिंग के बाद गिरफ्तार किया गया।

घायल बदमाशो के कब्जे से दो अवैध तमंचा कारतूस, और अन्य बदमाशों के कब्जे से दो कार, चार आर.आर.यू., दो टॉवर के केबल बण्डल और चोरी करने के उपकरण, कटर, आरी इत्यादि बरामद किया गया है।

बदमाशों ने बताया एक आर.आर.यू. सेक्टर-100 सेंचुरी अपार्टमेंट के पास बने टॉवर से और अन्य 3 आर.आर.यू. दिल्ली, गुड़गांव, गाजियाबाद से चोरी किया था. इन बदमाशो की आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है।

# ग्रेटर नोएडा में जमीन विवाद में मारपीट

### दो पक्षों में हिंसक झड़प, लाठी-डंडे और फरसे चले; पिता-बेटा घायल

**जेवर।** दनकौर कोतवाली क्षेत्र के सुहेड़ी मोमदीनपुर गांव में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में हिंसक झड़प हो गई।

इस दौरान लोहे के फरसे और लाठी-डंडों से हमले में एक पक्ष के पिता-पुत्र घायल हो गए। दोनों का ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है।

पीड़ित विजयपाल ने पुलिस को बताया कि लगभग 40 वर्ष पहले उनके भाइयों के बीच पैतृक जमीन का बंटवारा हो गया था। उनका आरोप है कि उनके भाई की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। इसका फायदा उठाकर गांव के ही एक व्यक्ति ने उनके भाई से उनकी जमीन का फर्जी बैनामा करा लिया।

शुक्रवार रात आरोपी पक्ष उनकी जमीन पर कब्जा करने लगा। जब विजयपाल ने विरोध किया तो आरोपियों ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर उनके घर पर हमला कर दिया। इस हमले में विजयपाल और उनके बेटे नरेंद्र घायल हो गए। नरेंद्र को गंभीर चोटें आई हैं।

पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने जगदीश, विकास उर्फ प्रधान, रामोतार, राघवेंद्र और सुनीता समेत 6 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# दहेज के लिए विवाहिता को घर से निकाला

### पीड़िता के पिता से मांगे 15 लाख, साढ़े 12 लाख देने के बाद भी प्रताड़ित किया; कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में एक विवाहिता को दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालियों ने घर से निकाल दिया। पीड़िता दीपिका की शादी फरवरी 2024 में दिल्ली निवासी दीपक के साथ हुई थी।

शादी में पीड़िता के पिता ने 35 लाख रुपये खर्च किए थे। शादी के पांच महीने बाद जुलाई 2024 में पति और ससुर संतकुमार ने पीड़िता के पिता से घर खरीदने के लिए 15 लाख रुपए मांगे। पिता ने साढ़े 12 लाख रुपए दे दिए।

इसके बावजूद पति और ससुर अतिरिक्त दहेज की मांग करते रहे। मांग पूरी न होने पर पति दीपिका के साथ मारपीट करने लगा। इसी दौरान पीड़िता के पिता की मृत्यु हो गई।

इसके बाद पति जॉब के बहाने बैंगलोर चला गया। पति के जाने के बाद देवर मोहित और हर्ष, सास सुनीता और जेठ विजय ने दीपिका के साथ मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया।

पीड़िता ने मायके आकर अपने परिजनों को पूरी बात बताई। परिजनों ने स्थानीय पुलिस में शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद पीड़िता ने कोर्ट में गुहार लगाई।

शनिवार को कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने पति, सास, ससुर और जेठ के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। अब पुलिस आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई कर रही है।

### जैवलिन थ्रो प्रतियोगिता में शिवानी नागर ने जीता गोल्ड

**जेवर।** दिल्ली में आयोजित प्रदेश स्तरीय जैवलिन थ्रो एथलेटिक्स एसोसिएशन प्रतियोगिता में कनारसी गांव की बेटी शिवानी नागर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीता है। इस प्रतियोगिता में देशभर से 250 से अधिक एथलीट्स ने हिस्सा लिया। गोल्ड मेडल जीतने के बाद रविवार को शिवानी जब अपने गांव पहुंची तो उनका स्वागत किया गया। सम्मान समारोह में समाज के प्रतिष्ठित लोगों ने उन्हें पगड़ी पहनाकर और नोटों की माला डालकर सम्मानित किया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने शिवानी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उनका हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम में राजसिंह प्रधान, जीवन सिंह, भूपेंद्र प्रधान, परवीन नागर, विकास प्रधान, कमल सिंह, मनिंदर नागर, अशोक नागर, करण मास्टर, सुमित नागर, राजेंद्र नागर, शीलू, संदीप मास्टर, रोहित नागर, राजू नागर, बिरसिंह, जगदीश, मुनीम, रविंद्र सिंह और तेजवीर मास्टर समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

# ग्रेनो प्राधिकरण ने सोसाइटियों पर 2.42 लाख का जुर्माना लगाया

## कूड़े को समय से न फेंकने पर एक्शन, जानें किस सोसाइटी पर कितना फाइन लगा

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के स्वास्थ्य विभाग की टीम स्वच्छता के प्रति जागरुकता बढ़ाने के साथ जुर्माना लगाने की कार्रवाई कर रही है। प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर बल्क वेस्ट जनरेटरों के यहां कूड़े के निस्तारण की जांच की जा रही है।

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट पॉलिसी 2016 के तहत ग्रेटर नोएडा वेस्ट की चार सोसाइटियों में कूड़े के निस्तारण की जांच की। टीम ने सेक्टर टेकजोन-4 स्थित जेएम फ्लोरेंस, गैलेक्सी वेगा, आम्रपाली सेंचुरियन पार्क टैरिस होम और आम्रपाली लेजर वैली सोसाइटी का निरीक्षण किया।



जांच के दौरान कूड़े का उचित निस्तारण न करने पर जेएम फ्लोरेंस पर 20,200 रुपये का जुर्माना लगाया गया। गैलेक्सी वेगा सोसाइटी पर 40,000 रुपये का जुर्माना लगा। आम्रपाली सेंचुरियन पार्क टैरिस होम पर 20,200 रुपये का जुर्माना लगाया गया। आम्रपाली लेजर वैली सोसाइटी पर सबसे अधिक 1,61,600 रुपये का जुर्माना लगा। आम्रपाली लेजर वैली के स्टाफ ने चालान रिसीव करने से मना कर दिया। इसके बाद टीम ने सोसाइटी के गेट पर चालान चस्पा कर दिया।

स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि कूड़े के निस्तारण को लेकर सघन जांच अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## शार्ट न्यूज

### ग्रेटर नोएडा में पुरानी रंजिश

**जेवर।** दनकौर कोतवाली क्षेत्र के हतेवा गांव में दो युवकों पर पड़ोसियों ने लाठी-डंडे और तमंचे की बट से हमला कर दिया। घटना में दोनों युवक घायल हो गए और उनका पास के अस्पताल में इलाज चल रहा है। पीड़ित विकास शर्मा ने पुलिस को बताया कि रविवार को वह अपने दोस्त देवेश के साथ बाइक पर बिलासपुर कस्बे जा रहे थे। रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे 6 आरोपियों ने उन्हें रोक लिया। आरोपियों ने दोनों पर लाठी-डंडे और तमंचे की बट से हमला कर दिया। इस हमले में दोनों को गंभीर चोटें आई। विकास का कहना है कि आरोपी उनसे रंजिश रखते हैं। इसी कारण उन्होंने हमला किया। पीड़ित पक्ष ने अपने ही गांव के मयंक उर्फ ऋषभ और हर्ष समेत 6 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। दनकौर कोतवाली पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

### साइबर ठगी के आरोपी की जमानत याचिका खारिज

**ग्रेटर नोएडा।** जिला न्यायालय ने करोड़ों रुपये की ठगी के आरोपी कमलेश पटेल की जमानत याचिका खारिज कर दी। आरोपी ने मोबाइल नंबर की क्लोनिंग कर कई लोगों के खाते से एक करोड़ से अधिक की राशि स्थानांतरित की थी। पीड़ित केपी प्रकाश ने 23 जनवरी 2023 को आरोपी कमलेश पटेल के खिलाफ केस दर्ज कर बताया था कि उनकी कंपनी, रॉयलवक्स एक्सपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड के खाते से नौ और 10 अक्तूबर 2022 की रात में करीब एक करोड़ रुपये अज्ञात खातों में धोखाधड़ी के माध्यम से ट्रांसफर कर लिए गए। जांच में पता चला कि कमलेश पटेल के बैंक खाते में लगभग 49 लाख 90 हजार रुपये स्थानांतरित हुए थे।साथ ही, उक्त राशि के अन्य हिस्से सह-आरोपियों विकास पांडे और रुचि पांडे के खातों में भी जमा किए गए। आरोप है कि कमलेश पटेल ने मोबाइल नंबर की क्लोनिंग कर इस कृत्य को अंजाम दिया था। आरोपी जेल में बंद है। उसने न्यायालय में जमानत अर्जी डाली थी, जिसे अस्वीकार कर दिया गया।

### इस्कॉन मंदिर में जन्माष्टमी की तैयारी शुरू

**नोएडा।** सेक्टर-33 स्थित इस्कॉन मंदिर में जन्माष्टमी की तैयारी शुरू हो चुकी है। 16 अगस्त को जन्माष्टमी पर भगवान श्रीकृष्ण को 108 प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया जाएगा। मंदिर में 20 से अधिर भक्त और रसोइए प्रसाद और भोग बनाएंगे। मंदिर प्रबंधन के अनुसार, सुबह 4: 30 बजे की मंगला आरती के बाद श्रद्धालु दिनभर दर्शन कर सकते हैं। जसुबह 4: 30 से रात्रि 12 बजे तक अखंड कीर्तिन चलता रहेगा। सुबह 7: 30 बजे दोबारा आरती और दर्शन होगा। दोपहर 12: 30 बजे राजभोग आरती और शाम 6: 30 बजे संध्या आरती होगी। इसके बाद रात्रि 12 बजे आरती और श्रीकृष्ण और राधा रानी पर महाभिषेक होगा।मंदिर में 108 कलश अभिषेक होगा। इसी के साथ श्रद्धालुओं के लिए दिनभर प्रसाद की व्यवस्था भी रहेगी। मीडिया प्रभारी अरुन सैनी ने बताया कि पिछले वर्ष लगभग तीन लाख श्रद्धालु दर्शन करने आए थे। इस बार संख्या ज्यादा हो सकती है। उसी को देखते हुए तैयारियां की जा रही हैं। समिति कि ओर से एक हजार गार्ड्स और पांच सौ से ज्यादा वॉलट्यिस मौजूद रहेंगे।

### रंजिश में बाइक सवार को लात-घूंसों से पीटा

**नोएडा।** सेक्टर-45 स्थित सदरपुर गांव में बीते गुरुवार रात चार युवकों ने रंजिश में बाइक सवार कंपनीकर्मी को लात-घूंसों से पीटा। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पीड़ित ने सेक्टर-39 थाने में तीन नामजद समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित रघुनंदन ने पुलिस को बताया कि वह सदरपुर गांव में नागर डेरी के सामने वाली गली में रहते हैं। वह एक कंपनी में नौकरी करते हैं। वह गुरुवार रात करीब 10.30 बजे सेक्टर-78 से बाइक पर सवार होकर अपने घर लौट रहे थे। वह सदरपुर गांव में संदीप चौहान के भूखंड के पास पहुंचे तो वहां पहले से कुछ युवक खड़े थे।इनमें अंबुज राय, अंकुर पंडित, संजू चौहान और एक अज्ञात युवक था। उन युवकों ने रघुनंदन को रोक लिया। आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। पीड़ित ने विरोध किया तो लात-घूंसों से पीटना शुरू कर दिया। स्थानीय लोगों ने बीचबचाव कराने का प्रयास किया तो उन्हें भी धमकाकर दूर कर दिया। आरोपियों ने भविष्य में दोबारा मिलने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित का कहना है कि आरोपी रंजिश रखते हैं।

### पार्क में टहल रहे दंपति पर हमला

**नोएडा।** दो लोगों ने केस वापस न लेने पर पांच दिन पहले दिल्ली के पार्क में टहल रहे दंपति पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोपियों ने महिला पर पिस्तौल तानकर धमकी भी दी। पीड़ित की शिकायत पर सेक्टर-24 थाने में मुकदमा दर्ज हुआ है। सेक्टर-11 स्थित धवलगिरी अपार्टमेंट में रहने वाले राजेश कुमार जैन ने पुलिस को बताया कि वह सॉफ्टवेयर डवलपर हैं। वह छह अगस्त की सुबह करीब छह बजे पत्नी मोनिका जैन के साथ दिल्ली के कोंडली स्थित स्मृति वन पार्क में टहलने गए थे। पार्क के अंदर दो लोग उनकी पत्नी के पीछे से आए और हाथापाई शुरू कर दी।आरोपियों ने उनकी पत्नी को मुक्का मारा। इसके चलते वह गिर गईं। इसी दौरान उनमें से एक आरोपी ने मोनिका जैन के ऊपर पिस्तौल तानते हुए गाली-गलौज की। आरोपी ने उनसे कहा कि पति को कोर्ट में मत भेजना। अगर कोर्ट में भेजा तो वह पूरे परिवार को खत्म कर देंगे। पीड़ित का कहना है कि दोनों आरोपियों ने अपने चेहरे ढके हुए थे। दोनों धमकी देते हुए भाग गए। दोनों आरोपियों के पीछे एक व्यक्ति के हुलिया के अनुसार उन्होंने पहचान की है।

# भूजल दोहन के विरोध में किसानों का धरना 13वें दिन भी जारी

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा में भूजल दोहन के विरोध में किसानों का धरना 13वें दिन भी जारी रहा। रविवार को टीकम सिंह की अध्यक्षता और भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष मास्टर श्यौराज के नेतृत्व में यह धरना एक निर्माण यूनिवर्सिटी के सामने चल रहा है।

धरना स्थल पर सर्वसम्मति से 13 अगस्त को बड़ी पंचायत करने का निर्णय लिया गया। साथ ही भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के सभी पदाधिकारियों को धरना स्थल पर बुलाने और आगे की रणनीति तैयार करने पर सहमति बनी।



क्षेत्रीय किसान लगातार तेरह दिनों से यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण, नोएडा प्राधिकरण और जेवर एयरपोर्ट से जुड़ी किसानों की समस्याओं को लेकर धरना स्थल पर डटे हुए हैं। किसानों का आरोप है कि शासन-प्रशासन उनकी समस्याओं पर ध्यान नहीं दे रहा है।

प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने के लिए धरने को और मजबूत करने का निर्णय लिया गया है। इसी कड़ी में बुधवार को धरना स्थल पर महापंचायत आयोजित की जाएगी। आगे की रणनीति इसी पंचायत में घोषित की जाएगी।

कल के धरने में खैमी पहलवान, देव प्रधान, उदयभान मलिक, शीलचंद, टीकम सिंह, मनवीर सिंह, नेत्रपाल सिंह, बिजयवीर, बबली, ओमपाल, गुरुदत्त, मांगें पंडित जी, घनश्याम सिंह, जीतन, सुन्दर, ओमी, जयप्रकाश, हरवीर सिंह, सुनील भाटी, हरिओम सिंह और हरप्रशाद सहित कई किसान नेता उपस्थित रहे।

### सड़क हादसे में घायल युवक ने दम तोड़ा

**ग्रेटर नोएडा।** सड़क हादसे में घायल युवक की दिल्ली के अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। वह 26 जुलाई को बाइक डिवाइडर में टकराने से घायल हो गया था। कासना कोतवाली में लखीमपुर खीरी निवासी राम सागर ने इस मामले में केस दर्ज कराया है। कासना में रह रहा उनका पुत्र विशाल 26 जुलाई को अपने मित्र प्रदीप यादव के साथ बाइक पर सवार होकर जेल रोड की तरफ जा रहा था। बाइक प्रदीप चला रहा था। आरोप है कि विशाल ने प्रदीप से बाइक की गति कम करने को बोला लेकिन उसने बात नहीं मानी और बाइक डिवाइडर से टकरा गई।

## नोएडा में चल रहा था फर्जी पुलिस कार्यालय

# खुद को अधिकारी बताने वाले 6 आरोपी से फर्जी दस्तावेज मिले, सभी आरोपी पश्चिम बंगाल के

**गौतम बुद्ध नगर।** नोएडा में पुलिस ने फर्जी पुलिस कार्यालय का भंडाफोड़ किया है। इसे इंटरनेशनल पुलिस एंड क्राइम इंवेस्टिगेशन ब्यूरो के नाम से संचालित किया जा रहा था। फर्जी तरीके से इंटेलिजेंस ब्यूरो और अन्य सुरक्षा एजेंसियों का नकली कार्यालय खोल रखा था। नोएडा की थाना फेस 3 की पुलिस ने रविवार को इस गिरोह को पकड़कर फर्जीवाड़े का खुलासा किया है।

पुलिस के मुताबिक-यह फर्जी दफ्तर हाल ही में खोला गया था। इसका जाल फैलने से पहले ही पुलिस ने इसे बंद कर दिया। इस मामले में 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मौके से भारी मात्रा में फर्जी दस्तावेज, पहचान पत्र, पासबुक और चेकबुक बरामद की हैं। पकड़े गए सभी 6 आरोपी पश्चिम बंगाल के रहने वाले हैं।

### पुलिस बोली-लोगों को फंसाने की योजना थी

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि- यह केस गाजियाबाद में संचालित फर्जी दूतावास की तरह का है। इसमें सरकारी नाम और अधिकारों का गलत इस्तेमाल कर लोगों को भ्रमित किया जाता था। यहां से मिले फर्जी आईडी कार्ड्स और आधिकारिक दस्तावेजों से साफ है कि आरोपी लोगों को अपने जाल में फंसाने की योजना बना रहे थे। डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि- आरोपी खुद को अंतरराष्ट्रीय स्तर की जांच एजेंसी का हिस्सा बताते थे। वे वेरिफिकेशन या जांच के नाम पर लोगों से संपर्क करते थे। शुरुआती जांच में यह भी सामने आया है कि इनके पास से कई नकली स्टांप, लेटरहेड और कई सरकारी प्रतीकों की कॉपी मिली हैं।



### सभी आरोपी पश्चिम बंगाल के

पुलिस ने इस दौरान विभाष, अराग्य ,बाबुल, पिन्टूपाल, समपमदल और आशीष को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए सभी आरोपी पश्चिम बंगाल के कोलकाता, वीरभूम और 24 परगना जिले के रहने वाले हैं। इनमें 4 आरोपी 12वीं पास हैं। एक बीए और एक एलएलबी डिग्री धारक है।

सेंट्रल जोन पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपियों के नेटवर्क और वित्तीय लेनदेन की जांच शुरू कर दी है। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।

### कूड़ा निस्तारण न होने का विरोध जताया

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित महागुन मंत्रा वन सोसाइटी के बेसमेंट में लिफ्ट के पास कचरा एकत्रित करने का लोगों ने रविवार को विरोध जताया। सभी लोग एकत्रित होकर बेसमेंट में पहुंचे और उन्होंने कचरे को हटाने की मांग की। देवेंद्र जाखड़, जेपी पांडेय, सुमन कुमार झा, राजेश कुमार, अरुण बडोला ने बताया कि कूड़ा इकट्ठा कर बेसमेंट में लिफ्ट के पास एकत्रित कर दिया जाता है, जिसे सप्ताह में बिल्डर प्रबंधन एक बार उठाया है। ऐसे में उसमें से काफी अधिक बदबू आती है। कूड़ा दो बड़े इंडस्ट्रियल एग्जॉस्ट फैन से ग्राउंड फ्लोर पर निकाला जाता है। इससे उठने वाले दुर्गंध से बेसमेंट सहित ऊपर के तीन-चार फ्लोर के लोग परेशान रहते हैं। कूड़ा निस्तारण मशीन बिल्डर द्वारा 2021 में खरीद ली गई थी, लेकिन आज तक उसका डक्ट नहीं बन पाया। इसके कारण कूड़ा निस्तारण नहीं हो पाता है। साथ ही, कूड़ा उठाने के बाद फर्श पर ब्लीचिंग पाउडर नहीं डलवाया जाता, जिसके कारण दुर्गंध उठती है। इसके चलते रविवार को सभी लोगों ने एक बैठक बुलाई।

# बिजली-पानी की बेहतर सुविधा न मिलने पर प्रदर्शन

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित ईरोज सम्पूर्णम सोसाइटी के लोगों का मांगों को लेकर प्रदर्शन जारी है। लोगों ने पांचवें रविवार को भी सुविधाओं की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। मांगें पूरी होने तक शांतिपूर्ण विरोध जारी रखने की चेतावनी दी। लोगों का आरोप है कि सोसाइटी में बिजली और पानी जैसी सुविधाएं भी ठीक से नहीं मिल रहीं। सोसाइटी में रहने वाले शशिधर भट्ट और अभिषेक कुमार ने बताया कि पहले हफ्ते लोगों ने मांगों का ज्ञापन इस्टेट मैनेजर बाबिश को सौंपा, लेकिन ईरोज के उच्च प्रबंधन ने सभी मांगें खारिज कर दीं।दूसरे हफ्ते, निवासियों ने सेक्टर-3 पुलिस चौकी में विरोध प्रदर्शन कर बिल्डर की अवैध गतिविधियों की शिकायत दर्ज कराई। तीसरे हफ्ते में बिल्डर की ओर से बैठक का वादा किया गया, लेकिन अब तक नहीं हुई।

दो अगस्त को लोगों के खिलाफ शांति भंग करने का पुलिस ने नोटिस जारी किया। आरोप है कि बिल्डर प्रबंधन ने लोगों पर दबाव बनाने के लिए ऐसा कराया।

इसके विरुद्ध चौथे हफ्ते भी लोगों ने प्रदर्शन किया। अब लोगों ने रविवार को पांचवें हफ्ते ईरोज सेल्स ऑफिस के बाहर हुआ, इसके बाद ईरोज मार्ट तक मार्च निकाला गया, ताकि प्रबंधन तक सशक्त संदेश पहुंचे। लोगों का आरोप है कि आए दिन घरों में बिजली प्रभावित रहती है। लाइट न आने पर डीजी का संचालन भी नहीं किया जाता।

# रक्षाबंधन पर क्षेत्र में उमड़ा स्नेह का सैलाब, भाई-बहन के रिश्ते संग दिखी संस्कृति और परंपरा की झलक

**पीलीभीत।** रक्षाबंधन के पावन पर्व पर पूरे क्षेत्र में भाई-बहन के अटूट प्रेम और स्नेह का अद्भुत नज़ारा देखने को मिला। शहर से लेकर गांवों तक बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर उनके दीर्घायु, सुख और समृद्धि की कामना की, वहीं भाइयों ने बहनों की सुरक्षा, सम्मान और खुशहाली का वचन दिया।







### खमरियापुल श्रीपरमअक्रियधाम आश्रम में राखी महोत्सव

खमरियापुल स्थित श्रीपरमअक्रियधाम आश्रम में सुबह से ही बहनों का तांता लगा रहा। क्षेत्र की अनेक बहनें यहाँ पहुँचीं और महामंडलेश्वर एवं बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज को राखी बांधकर अपना स्नेह व्यक्त किया। इस अवसर पर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने सभी बहनों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि परिवार में प्रेमभाव, आदरभाव और सौहार्द बनाए रखना ही जीवन की सच्ची सफलता है। उन्होंने प्रभु से सभी परिवारों के सुखी, समृद्ध और स्वस्थ रहने की प्रार्थना की।

### पीलीभीत में राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने लिया बहनों का आशीर्वाद

पीलीभीत में गन्ना विकास एवं चीनी मिल राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार के आवास पर रक्षाबंधन का पर्व पूरे उत्साह और आत्मीयता के साथ मनाया गया। सुबह से ही उनकी सगी बहनों ने रक्षा सूत्र बांधकर उनका दीर्घायु और सफल जीवन की कामना की। इसके बाद आसपास की कॉलोनियों और क्षेत्र की बहनों ने भी राखी बांधी। मंत्री ने सभी बहनों को उपहार एवं मिठाई भेंट की और उनकी सुरक्षा व सम्मान की रक्षा का संकल्प लिया।
श्री गंगवार ने बताया कि इस बार उन्हें पूरे क्षेत्र से अपार स्नेह मिला है और लगभग 8,000 से अधिक बहनों ने उन्हें रक्षा सूत्र भेजकर अपना प्रेम और आशीर्वाद प्रकट किया है। इस अवसर पर उनकी पत्नी श्रीमती रश्मि सिंह सहित परिवार के सदस्य मौजूद रहे और बहनों का स्वागत-सत्कार किया।

### श्री बालाजी नीम करोली धाम में सैकड़ों बहनों ने बाबा को बांधी राखी

हर वर्ष की तरह इस बार भी श्री बालाजी नीम करोली धाम में रक्षाबंधन का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया। सैकड़ों बहनों ने यहाँ बाबा के चरणों में राखी बांधी और उनके आशीर्वाद से परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर महंत, सभासद एवं सेवक विशाल ने सभी बहनों को उपहार प्रदान किए और उनके जीवन में खुशियों की कामना की।
रक्षाबंधन के इस पावन पर्व ने एक बार फिर यह सिद्ध कर दिया कि भाई-बहन का रिश्ता केवल खून के रिश्तों तक सीमित नहीं, बल्कि प्रेम, विश्वास, त्याग और संस्कृति के गहरे धागों से बुना हुआ है। चाहे आश्रम हो, मंत्री का आवास हो या धार्मिक स्थल—हर जगह रक्षाबंधन ने रिश्तों में मिठास घोली और एकता का संदेश दिया।

# अपराध नियंत्रण में जन-जागरूकता की बढ़ती भूमिका





**पीलीभीत।** जनपद में हाल के दिनों में पुलिस विभाग ने अपराध रोकथाम और जनसुरक्षा को लेकर एक सराहनीय पहल शुरू की है। जनपद के सभी थानों — घुंघचाई, माधोटांडा, अमरिया, करेली, कोतवाली, सुनगढ़ी, बीसलपुर, गजरौला और पूरनपुर की पुलिस टीमें लगातार गांव-गांव जाकर लोगों को जागरूक कर रही हैं।
इस अभियान का मूल संदेश स्पष्ट हैं। यदि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, गतिविधि या चोरी की जानकारी मिले तो सीधे संबंधित थाने या यूपी-112 पर सूचना दें।
सबसे महत्वपूर्ण बात, पुलिस जनता से आग्रह कर रही है कि वे स्वयं कानून अपने हाथ में न लें, क्योंकि ऐसा करना न केवल कानूनी अपराध है बल्कि स्थिति को और बिगाड़ भी सकता है। इसके बजाय, समय पर सूचना देकर पुलिस को सक्रिय करना ही सबसे सुरक्षित और प्रभावी तरीका हैं।
ग्रामीण क्षेत्रों में अपराध रोकने के लिए केवल पुलिस की मौजूदगी ही पर्याप्त नहीं है। अपराधियों के खिलाफ सबसे मजबूत हथियार है—जनता की जागरूकता और सतर्कता। जब गांव का हर व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी समझते हुए संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखे और तुरंत पुलिस को सूचना दे, तो अपराध होने से पहले ही रोका जा सकता है।
इस पहल का एक और सकारात्मक पहलू यह है कि यह पुलिस और जनता के बीच भरोसे का रिश्ता मजबूत कर रही है। लंबे समय से यह शिकायत रही है कि ग्रामीण इलाकों में पुलिस और आम लोगों के बीच संवाद की कमी है, लेकिन यह अभियान इस दूरी को पाटने में मदद कर रहा है।
जब पुलिस स्वयं गांवों में जाकर संवाद करती है, तो लोग भी निडर होकर अपने अनुभव और समस्याएं साझा करने लगते हैं।
अभियान का यह संदेश भी महत्वपूर्ण है कि किसी भी परिस्थिति में कानून अपने हाथ में लेना खतरनाक है। ग्रामीण समाज में कई बार गुस्से या अफवाह के चलते निर्दोष लोग भी हिंसा का शिकार हो जाते हैं।
पुलिस का यह प्रयास न केवल अपराध रोकने का है, बल्कि भीड़-हिंसा और गलतफहमियों को भी रोकने का है। यह पहल तभी पूरी तरह सफल होगी जब यह केवल एक अभियान तक सीमित न रहकर नियमित अभ्यास बन जाए। स्कूलों, पंचायत बैठकों और धार्मिक आयोजनों में भी इस तरह के संदेश दिए जाएं, ताकि हर उम्र और वर्ग के लोग जागरूक हों। साथ ही, पुलिस को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि सूचना देने वालों की पहचान और सुरक्षा पूरी तरह गोपनीय रखी जाए।
पीलीभीत पुलिस की यह पहल अन्य जिलों के लिए भी प्रेरणादायक मॉडल बन सकती है। अपराध पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस और जनता का मिलकर काम करना जरूरी है। आखिरकार, एक जागरूक नागरिक ही सुरक्षित समाज की नींव रख सकता है।

# किन्नर और उसके भाई की हत्या, शव बेड में छिपाया

### 4 दिन से सड़ रही थीं लाशें; प्रेम-प्रसंग में मर्डर की आशंका

**कानपुर।** कानपुर में किन्नर और उसके मुंहबोले भाई की हत्या कर दी गई। किन्नर का शव दीवान में ठूंसा मिला, जबकि उसके भाई का शव जमीन पर पड़ा था। घटना का पता उस वक्त चला, जब 4 दिन से फोन न उठाने पर मां, पिता और बहन पहुंचे। देखा तो दरवाजा बाहर से बंद था। घर के अंदर से तेज बदबू आ रही थी। काफी आवाज देने के बाद भी जब किसी ने दरवाजा नहीं खोला तो उन्होंने मकान मालिक को सूचना दी। वह दूसरी चाबी लेकर पहुंचा और दरवाजा खोला। अंदर गए तो देखा, दोनों की लाश पड़ी हुई थी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर डीसीपी साउथ दीपेंद्र नाथ चौधरी फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम ने मौके पर साक्ष्य जुटाए। पुलिस की शुरुआती जांच में पता चला है कि प्रेम-प्रसंग में घटना को अंजाम दिया गया। पूरा मामला हनुमंत विहार के खाड़ेपुर का है।

### जानिए पूरा मामला

मैनपुरी के किशनी थाना क्षेत्र के धरमंगदपुर गांव की रहने वाली गुड्डी ने बताया कि 25 साल की बेटी काजल किन्नर है। मैंने अपने भाई के बेटे देव (12) को गोद लिया था। काजल कानपुर में रहती थी। शिवानी उसकी गुरु है। एक महीने पहले ही काजल ने रिटायर्ड फौजी अभिमन्यु के मकान में किराए पर कमरा लिया। इसके बाद देव को अपने पास पढ़ाने के लिए बुलाया और यहां उसका एडमिशन कक्षा 6 में करवाया।4 दिन से मैं बेटी को कॉल कर रही थी, लेकिन फोन स्विच ऑफ बता रहा था। इसके बाद शनिवार शाम मैं, पति और बेटी के साथ कानपुर पहुंची। देखा तो घर का मेन गेट बंद था।

## भट्टा स्वामियों ने मखदूम अहमद खान को चुना अपना अध्यक्ष



**पीलीभीत।** अमरिया ब्लॉक स्तरीय भट्टा स्वामियों की रविवार को आयोजित बैठक में नए अध्यक्ष के चुनाव के लिए गुप्त मतदान संपन्न हुआ। कुल 20 भट्टा स्वामियों ने मतदान प्रक्रिया में उत्साहपूर्वक भाग लिया। मतगणना के परिणाम अनुसार मखदूम अहमद खान को 11 मत प्राप्त हुए, जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी मुश्ताक अहमद को 9 मत मिले। इस प्रकार मखदूम अहमद खान बहुमत से विजयी घोषित हुए। चुनाव परिणाम घोषित होते ही समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। विजयी उम्मीदवार मखदूम अहमद खान ने सभी भट्टा स्वामियों का आभार व्यक्त करते हुए संगठन को मजबूत बनाने और उद्योग से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता से उठाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर हाजी मोहम्मद नईम, हाजी अमीर अहमद उर्फ मुन्ने भाई, मोहम्मद उमर अंसारी, सरदार बलदेव सिंह, निसार अहमद, हाजी शकील अहमद, हाजी मोहम्मद राशिद, हसीब अंसारी, नसीम अंसारी, शावेज़ अहमद, मोहम्मद साजिद, काशिफ मलिक, मोहम्मद फैजान, अनीस अहमद, मोहम्मद साबिर, जहूर अहमद, मोहम्मद आरिफ, शमशुल कमर, अफरोज अंसारी सहित कई वरिष्ठ सदस्य, पदाधिकारी और प्रतिनिधि मौजूद रहे। चुनाव शांतिपूर्ण और पारदर्शी तरीके से सम्पन्न हुआ।

# बाढ़ से निपटने को प्रशासन पूरी तरह तैयार, प्रभारी मंत्री ने की समीक्षा

### गांधी सभागार में बाढ़ तैयारियों को लेकर हुई उच्चस्तरीय बैठक, सभी विभागों को दिए निर्देश

**पीलीभीत।** गांधी सभागार में प्रभारी मंत्री बलदेव सिंह औलख की अध्यक्षता में बाढ़ तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) ने जनपद की मुख्य नदियों, तटबंधों और जलस्तर की स्थिति का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि वर्तमान में नदियों का जलस्तर खतरे के निशान से नीचे है और अब तक अधिक वर्षा नहीं हुई है।अपर जिलाधिकारी ने बताया कि बाढ़ से बचाव के लिए जनपद में 07 कंट्रोल रूम, 32 बाढ़ चौकी, 34 बाढ़ शरणालय, 67 नाविक, 90 गोताखोर और मेडिकल टीमों की व्यवस्था की गई है। सभी तहसीलों में मॉक ड्रिल पूरी कर ली गई है। राहत चौपालों के जरिए ग्राम पंचायत स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम जारी हैं, जबकि



एनडीआरएफ की टीम स्कूल-कॉलेजों में जनजागरूकता अभियान चला रही है।मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि बाढ़ संभावित क्षेत्रों में 02 मोबाइल मेडिकल वैन, पर्याप्त दवाएं, क्लोरीन की गोलियां, ब्लीचिंग पाउडर और एंटी-लार्वा उपलब्ध हैं।
मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने कहा कि पशुओं को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने और चारे की व्यवस्था पूरी कर ली गई है।
अधिशासी अभियंता सिंचाई ने बताया कि 13 में से 12 परियोजनाएं पूरी हो चुकी हैं और तटबंधों की सुरक्षा के लिए आवश्यक प्रबंध किए गए हैं।
जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि बाढ़ के दौरान भोजन की तत्काल व्यवस्था के लिए 500 राहत किट तैयार हैं और जरूरत पड़ते ही शासन द्वारा अनुमन्य राहत सामग्री का वितरण होगा। जहां मोबाइल नेटवर्क नहीं हैं, वहां वायरलेस सेट की व्यवस्था की गई है।
प्रभारी मंत्री औलख ने निर्देश दिए कि दवाओं की किसी भी स्थिति में कमी न हो, बड़ी नावों की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, पशुओं के लिए भूसा, चारा और सुरक्षित ठिकाने तैयार रहें। उन्होंने कहा कि खाद्य विभाग की किट और भोजन व्यवस्था में मानक के अनुरूप कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे अपने-अपने ड्यूटी स्थल पर मौजूद रहें, प्रधानों के संपर्क में रहें और संबंधित क्षेत्र के विधायक को समय-समय पर स्थिति से अवगत कराते रहें। बैठक में विधायक बरखेड़ा स्वामी प्रवक्तानंद, जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह, पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव, जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, नगर मजिस्ट्रेट, सभी उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, अधिशासी अभियंता सिंचाई और अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# पूर्व सांसद वीरांगना फूलन देवी की जयंती पर समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने किया नमन



**पीलीभीत।** समाजवादी पार्टी द्वारा आज वीरांगना फूलन देवी की जयंती के अवसर पर एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने की। इस दौरान जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने कहा कि फूलन देवी जी ने अपने संघर्षमय जीवन से समाज के कमजोर, वंचित और शोषित वर्ग के अधिकारों के लिए आवाज़ बुलंद की और अन्याय के खिलाफ डटकर लड़ीं। उनके साहस, संघर्ष और न्याय की लड़ाई से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। सपा जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी ने कहा कि फूलन देवी के योगदान को हमेशा याद किया जाएगा और उनके दिखाए मार्ग पर चलने का प्रयास करना ही सच्ची श्रद्धांजलि है। सपा जिला उपाध्यक्ष रूपराम कश्यप ने कहा कि फूलन देवी आज भी समाजसेवा की प्रेरणा हैं। सपा युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार 'राजू' ने युवाओं से उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। सपा जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्र कट्टर ने उन्हें सच्ची नेता बताते हुए उनके योगदान को अपनाने का संकल्प लिया। सपा नेता सतेन्द्र मौर्या ने भी उनके जीवन से प्रेरणा लेकर समाजहित में कार्य करने की बात कही। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से—
जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा, जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी, जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा कट्टर, प्रदेश सचिव एवं जिला पंचायत सदस्य असलम जावेद अंसारी, युवजन सभा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू, जिला उपाध्यक्ष रूपराम कश्यप, जिला उपाध्यक्ष हाजी अकबर अहमद अंसारी, जिला प्रवक्ता अमित पाठक एडवोकेट, 127 विधानसभा अध्यक्ष इम्तियाज अल्वी, अधिवक्ता सभा जिलाध्यक्ष ज्योति प्रकाश शुक्ला एडवोकेट, धनपति वर्मा एडवोकेट, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव सतेन्द्र मौर्य, युवजन सभा जिलाध्यक्ष हरगोविंद गंगवार, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष निरंजन कुमार गंगवार, 129 विधानसभा अध्यक्ष संजय सिंह यादव सहित कई नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल रहे। सभा के अंत में फूलन देवी के आदर्शों को जन-जन तक पहुँचाने और समाज में समानता व भाईचारे की भावना को मजबूत करने का संकल्प लिया गया।

### एडेड स्कूल के शिक्षक करेंगे बड़ा प्रदर्शन

**लखनऊ।** ऑफलाइन ट्रांसफर लिस्ट को लेकर माध्यमिक शिक्षा विभाग के शिक्षक बड़ा प्रदर्शन करने की तैयारी में है। लखनऊ में रविवार को माध्यमिक शिक्षक संघ की बैठक में विभाग को अल्टीमेटम देते हुए 20 अगस्त तक ऑफलाइन ट्रांसफर लिस्ट जारी करने को कहा गया। ऐसा न करने पर 22 अगस्त को माध्यमिक शिक्षा मंत्री के आवास का घेराव कर बड़ा प्रदर्शन करने की बात कही गई। रविवार को डीएवी कॉलेज के सभागार में इसको लेकर एक अहम बैठक का आयोजित हुई। इस दौरान उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष सुरेश त्रिपाठी भी मौजूद रहे। इस दौरान 22 अगस्त को माध्यमिक शिक्षा मंत्री के आवास के घेराव पर सहमति बनी। संगठन के प्रादेशिक उपाध्यक्ष और प्रवक्ता डा. आरपी मिश्र ने ऑफलाइन स्थानांतरण जारी किए जाने की मांग को लेकर 11 जुलाई को शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) के पार्क रोड, लखनऊ स्थित शिविर कार्यालय में विशाल धरना दिया गया था। धरना स्थल पर खुद शिक्षा निदेशक (माध्यमिक) ने लिखित रूप में शिक्षा मंत्री के स्वस्थ होते ही ऑफलाइन आदेश जारी करा दिए जाने का आश्वासन दिया था।

# बरखेड़ा में तिरंगा यात्रा, देशभक्ति के रंग में रंगा क्षेत्र



**बरखेड़ा।** स्वतंत्रता दिवस से पूर्व बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र में आज तिरंगा यात्रा का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वामी प्रवक्तानंद जी रहे। यात्रा में देशप्रेम का भाव देखते ही बन रहा था और बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।
तिरंगा यात्रा का शुभारंभ ग्राम नवादा महेश से हुआ, जो ग्राम मूसेपुर मुसरहा, बर्रामऊ, रम्पुरा नत्थू और पौटाकलां होते हुए ग्राम जिरौनिया पर संपन्न हुई। पूरे मार्ग में प्रतिभागियों के हाथों में लहराता तिरंगा और देशभक्ति के नारों की गूंज ने माहौल को देशप्रेम से सराबोर कर दिया।
यात्रा के समापन अवसर पर स्वामी प्रवक्तानंद जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि यह देश की एकता, अखंडता और बलिदान की पहचान है। हमें अपने राष्ट्र की रक्षा, सम्मान और गौरव के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। स्वतंत्रता संग्राम के वीरों के त्याग को याद कर हम सबको राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभानी होगी। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे समाज में भाईचारा और देशभक्ति की भावना को निरंतर प्रबल बनाएं।यात्रा को सफल बनाने में भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष सोनू वाल्मीकि, मंडल अध्यक्ष प्यारेलाल कश्यप, किसान मोर्चा महामंत्री नागेंद्र प्रताप सिंह, बरखेड़ा नगर पंचायत अध्यक्ष श्याम बिहारी भोजवाल, पूर्व अध्यक्ष बरखेड़ा अशोक गंगवार, संजीव गंगवार, दीपक सूर्यवंशी, अमित गंगवार, अमित कुशवाहा सहित अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका रही।

## शार्ट न्यूज

### दिमाग़ की गंभीर चोट का सफल ऑपरेशन, न्यूरो सर्जन ने बचाई मरीज की जान

**पीलीभीत।** न्यूरो केयर हॉस्पिटल में गुरुवार को एक गंभीर रूप से घायल मरीज की जान बचाने में चिकित्सकों ने बड़ी सफलता हासिल की। जानकारी के अनुसार, नवाबगंज निवासी भोले राम पर कुछ लोगों ने हमला कर उसकी खोपड़ी बुरी तरह चकनाचूर कर दी थी। गंभीर अवस्था में परिजन उसे पीलीभीत स्थित न्यूरो केयर हॉस्पिटल, गहोनिया चौराहा, माधोटांडा रोड लेकर पहुंचे। न्यूरो सर्जन डॉ. चरित बोरा ने मरीज की गंभीर स्थिति को देखते हुए तुरंत उसे भर्ती किया और बिना समय गंवाए आपातकालीन सर्जरी शुरू की। घंटों चले ऑपरेशन के बाद डॉक्टरों ने मरीज के मस्तिष्क का सफल ऑपरेशन कर उसकी जान बचा ली।डॉ. बोरा ने बताया कि मरीज की खोपड़ी में गंभीर चोट और रक्तस्राव के कारण उसकी स्थिति बेहद नाजुक थी, लेकिन समय पर उपचार और ऑपरेशन के चलते उसकी जान बचाई जा सकी। वहीं, परिजनों ने पूरे अस्पताल स्टाफ और डॉक्टर बोरा के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### प्रयागराज में तेंदुए का अटैक, 3 घायल

**प्रयागराज।** प्रयागराज में तेंदुए ने 3 किसानों पर हमला कर दिया। किसान खेतों में काम कर रहे थे। तेंदुआ अचानक गन्ने के खेत से निकला और उनपर टूट पड़ा। घटना को देख आस-पास के खेतों में काम कर रहे लोग लाठी-डंडे लेकर दौड़े। तब तेंदुआ दूसरे गन्ने के खेत में जाकर छिप गया। घायल किसानों को सीएचसी में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। लोग लाठी-डंडे लेकर तेंदुए की तलाश कर रहे हैं। वह एक गन्ने के खेत में छिपा हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही कमिश्नर ऑफ फारेस्ट प्रयागराज तुलसी दास, डीएफओ अरविन्द यादव और एसीएफ संगीता फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। गन्ने में खेत में तेंदुए की घेराबंदी की जा रही है। साथ ही वन विभाग एक किलोमीटर के एरिया में पिंजड़ा लगाने की तैयारी कर रहा है। क्षेत्र में पिछले 4 दिनों की तेंदुए की दहशत है। आज तेंदुए के हमले की खबर से करीब 3 किलोमीटर के एरिया में दहशत है। घटना शनिवार शाम की बहादुरपुर ब्लॉक के धनइचा मलखानपुर गांव की है।

### लव मैरिज के बाद युवक की हत्या

**सुलतानपुर।** सुल्तानपुर में युवक की सिर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। रविवार सुबह साढ़े 7 बजे घर से 500 मीटर दूर खेत में उसकी खून से लथपथ लाश मिली। पति की हत्या की खबर मिलते ही पत्नी भागते हुए मौके पर पहुंची। शव से लिपटकर रोने लगी और कहने लगी कि उसके भाई ने ही वारदात को अंजाम दिया। वह मेरी लव-मैरिज से शादी से नाराज था। दरअसल, युवक ने 2 महीने पहले ही गांव की लड़की के साथ लव मैरिज की थी। लड़की का भाई इस शादी के खिलाफ था। घरवालों के मुताबिक, उसने बहन को धमकाया था कि उसके पति की हत्या कर देगा। फिलहाल, आरोपी के घरवाले ताला बंद कर घर से फरार हैं। पुलिस उनकी तलाश में दबिश दे रही है। नवनीत कोरी शादी-विवाह में लाइट का काम करता था, जबकि आरोपी रजनीश पिकअप चलाता है। वारदात से जुड़ा वीडियो सामने आया है। इसमें युवक की बहन इंस्पेक्टर से कह रही है कि रजनीश ने भाई की हत्या की।

### मॉर्निंग वॉक पर निकले पति की हत्या कराई

बलिया। बलिया में महिला ने अपने प्रेमी से पति की हत्या करा दी। पुलिस ने रविवार को दोनों को गिरफ्तार करके हत्याकांड का खुलासा किया। पुलिस के अनुसार, महिला का प्रेमी 6 दिन से पति की रेकी कर रहा था। 6 अगस्त की सुबह जब पति मॉर्निंग वॉक पर निकला तो प्रेमी ने पीछे से आकर गला रेत दिया और शव को पास में एक गड्ढे में फेंक दिया। आसपास के बच्चों ने शव देखा तो परिजनों को सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया और शिनाख्त में जुट गई। पहचान होने के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। 10 अगस्त को पुलिस ने आरोपी महिला और उसके प्रेमी को सहतवार रेलवे स्टेशन से पकड़ा। दोनों ट्रेन से कहीं भागने की फिराक में थे। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया है, पति हम दोनों के बीच में रोड़ा बन रहा था। तभी मार दिया।

### पीलीभीत में मछली पकड़ने गया युवक डूबा

**पीलीभीत।** पीलीभीत की देवहा नदी में मछली पकड़ने गया एक युवक डूब गया। थाना जहानाबाद क्षेत्र के ग्राम सियावाड़ी पट्टी निवासी 20 वर्षीय आदित्य पुत्र डालचंद सोमवार दोपहर अपने भाई राजू के साथ मछली पकड़ने गया था। मछली पकड़ते समय अचानक आदित्य गहरे पानी में चला गया और डूब गया। उसके साथ मौजूद भाई ने तुरंत घटना की जानकारी परिवार के लोगों को दी। सूचना मिलते ही परिवार के सदस्य और गांव के कई लोग मौके पर पहुंच गए। घटना की सूचना मिलने पर थाना जहानाबाद पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश शुरू कर दी है। हालांकि अभी तक उसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिली है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार मिश्रा ने बताया कि नदी में पानी अधिक होने के कारण गोताखोरों को तलाश में कुछ समस्या हो रही है। युवक के न मिलने से परिजन काफी परेशान हैं।

### मैनपुरी में अफीम डोडा तस्कर गिरफ्तार

**मैनपुरी।** मैनपुरी के किशनी थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से 2 किलो 200 ग्राम अफीम डोडा चूरा बरामद हुआ है। इसकी कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में लाखों रुपए बताई जा रही है। किशनी थाना प्रभारी ललित भाटी ने बताया कि वह और कुसमरा चौकी इंचार्ज सुग्रीव सिंह अपने पुलिस दल के साथ अपराध नियंत्रण के लिए बेवर किशनी मार्ग पर स्थित ढढोस पुल पर चेकिंग अभियान चला रहे थे। इस दौरान उन्हें एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रोककर जामा तलाशी ली। तलाशी में उसके पास से अफीम डोडा चूरा बरामद हुआ। आरोपी का आपराधिक इतिहास खंगालने पर पता चला कि उस पर पहले से 14 आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। इनमें अधिकतर एनडीपीएस एक्ट और आबकारी अधिनियम की धाराओं के तहत मामले हैं। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

### शांति भंग करने वाले 19 लोगों को पकड़ा

**लखनऊ।** पीजीआई पुलिस ने थाना क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर हुड़दंग मचाने और मारपीट कर शांति व्यवस्था भंग करने वाले 19 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर पीजीआई धीरेंद्र कुमार सिंह ने इस मामले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पकड़े गए युवकों में भीम टोला खरिका तेलीबाग थाना पीजीआई के रितिक मुरारी, रितेश मुरारी, प्रियांशू, राहुल कुमार और अभिषेक गौतम शामिल हैं। इसके अलावा सिंगार नगर थाना कृष्णानगर के प्रभात सिंह, गीतापल्ली थाना आलमबाग के शिवम सिंह, आशियाना के सचिन गौतम और भगवती बिहार के अंकित भी गिरफ्तार किए गए हैं। कनोसी फाटक थाना कृष्णानगर के जीत सिंह, केशवपुरी देहरादून उत्तराखंड के हरिओम उर्फ सनम (वर्तमान में शनि मंदिर चौराहा), बाबू खेड़ा के शिवम यादव और ग्राम गजबरियन खेड़ा, कल्ली पश्चिम के सरोहन भी आरोपियों में शामिल हैं।

### जंगल में मिला 55 वर्षीय व्यक्ति का शव

**सहारनपुर।** सहारनपुर के कोतवाली देहात क्षेत्र के गांव नंदी फिरोजपुर में 55 वर्षीय सुरेंद्र का शव हाईवे के पास जंगल में मिला है। सुरेंद्र दलित समाज से थे। मजदूरी करके अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनके परिवार में तीन बेटियां और एक बेटा है। परिजनों के अनुसार, सुरेंद्र अपनी भैंस के लिए घास लेने जंगल गए थे। जब वह देर रात तक घर नहीं लौटे तो परिजनों और ग्रामीणों ने उनकी तलाश शुरू की। तलाश के दौरान हाईवे के पास जंगल में उनका शव मिला। ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही कोतवाली देहात प्रभारी कपिल देव पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीणों ने बताया कि सुरेंद्र की आर्थिक स्थिति बहुत खराब थी। वह कुछ समय से मानसिक तनाव में भी रह रहे थे।

## संक्षिप्त समाचार

### यूसीएलए से एक बिलियन डॉलर की डील चाहते हैं ट्रंप

**वाशिंगटन, एजेंसी।** ट्रंप प्रशासन ने यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, लॉस एंजिल्स (यूसीएलए) से 1 अरब डॉलर (लगभग 8,300 करोड़ रुपए) का सेटलमेंट मांगा है। प्रशासन ने इस हफ्ते यूसीएलए के 584 मिलियन डॉलर के फेडरल ग्रांट रोक दिए हैं। न्याय विभाग (डीओजे) ने हाल में यूसीएलए पर यहूदी विरोध के आरोप लगाए थे। यूसीएलए पहला पब्लिक विश्वविद्यालय है जिसके फंड पर इस तरह की कार्रवाई हुई है। इससे पहले निजी कॉलेजों के फंड भी रोक दिए गए थे। यूसीएलए के नए अध्यक्ष जेम्स बी. मिलिकेन ने कहा कि डीओजे से नोटिस मिला है और वे मामले की समीक्षा कर रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि इतनी बड़ी रकम का भुगतान करने से विश्वविद्यालय की रिसर्च और छात्रों पर गंभीर असर पड़ेगा। हाल ही में यूसीएलए ने तीन यहूदी छात्रों और एक प्रोफेसर के साथ 6 मिलियन डॉलर का समझौता किया था। इनका आरोप था कि 2024 में प्रोपैलिस्तीनी प्रदर्शनकारियों ने उन्हें क्लास और कैंपस के अन्य हिस्सों में जाने से रोका था। विश्वविद्यालय का कहना है कि वह कैंपस में सुरक्षा और सभी के लिए समान माहौल बनाए रखने के लिए कदम उठाता रहेगा।

### ईरान ने कैदियों को एविन जेल में वापस भेजा

**तेहरान, एजेंसी।** तेहरान में अधिकारियों ने कुछ कैदियों को फिर से एविन जेल में भेजा, जिसे जून में इस्राइल ने हवाई हमले में निशाना बनाया था। सरकारी मीडिया के अनुसार, यह पहला दल है और आगे और कैदियों को लाया जाएगा। नई सुविधाएं बनाई गई हैं, लेकिन कुछ कैदी हथकड़ी पहनने से मना कर रहे थे। एक कार्यकर्ता की पत्नी ने आरोप लगाया कि पुलिस ने उन्हें मजबूर करने के लिए पीटा। इस्राइली हमले में 71 लोग मारे गए थे, जबकि कुछ रिपोर्टों में संख्या 80 बताई गई। कारण स्पष्ट नहीं है कि जेल को क्यों निशाना बनाया गया।

### कनाडा, फ्रांस और ईरान ने इस्राइल की गाजा योजना का विरोध किया

**तेहरान, एजेंसी।** कनाडाई प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने कहा कि गाजा पर इस्राइल का कब्ज़ा बंधकों की जान को खतरे में डाल देगा और मानवीय स्थिति खराब करेगा। फ्रांस ने भी इस योजना को अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन बताते हुए कड़ी निंदा की और दो-राष्ट्र समाधान पर जोर दिया। ईरान ने इस योजना को नरसंहार की तैयारी कहा और इस्लामी देशों से संयुक्त कदम उठाने की अपील की। वहीं, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद शनिवार को इस मुद्दे पर आपात बैठक करेगी।

### अमेरिका-एमोरी यूनिवर्सिटी और सीडीसी कैंपस के पास गोलीबारी, संदिग्ध व पुलिसकर्मी की मौत

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अटलांटा के एमोरी विवि स्थित अमेरिकी रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र के मुख्यालय के बाहर एक युवक ने गोलीबारी की। इसमें एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई। बाद में हमलावर भी मृत पाया गया। अटलांटा पुलिस प्रमुख डारिन शियरबाम ने बताया कि बंदूकधारी सीडीसी परिसर के सामने वाली एक इमारत की दूसरी मंजिल पर पाया गया और घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। उन्होंने कहा कि हमें नहीं पता कि गोली पुलिसवालों ने चलाई थी या उसने खुद चलाई थी। हमलावर के पास एक लंबी बंदूक थी। अधिकारियों ने घटनास्थल से तीन अन्य हथियार बरामद किए।

### आईआरएस अधिकारी बिली लॉन्ग पर ट्रंप एक्शन

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पूर्व सांसद बिली लॉन्ग को आईआरएस (इनकम टैक्स विभाग) के कमिश्नर पद से हटा दिया है। उन्हें पद संभाले हुए अभी दो महीने भी पूरे नहीं हुए थे। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने बताया कि इस पद से हटाने का कारण नहीं बताया गया है। ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेंट अब अस्थायी कमिश्नर के रूप में काम करेंगे। बिली लॉन्ग को सीनेट ने 53-44 वोट से मंजूरी दी थी, जबकि डेमोक्रेट सांसदों ने उनके पुराने काम को लेकर चिंता जताई थी। लॉन्ग पहले एक नीलामीकर्ता थे और टैक्स प्रशासन का कोई अनुभव नहीं रखते थे।

## डोभाल ने रूसी उप-प्रधानमंत्री से की मुलाकात, पुतिन ने स्वीकारा निमंत्रण, साल के अंत में आएंगे भारत

**बीजिंग, एजेंसी।**
राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने रूस के प्रथम उपप्रधानमंत्री डेनिस मंतुरोव के साथ द्विपक्षीय सैन्य-तकनीकी संबंधों और रणनीतिक क्षेत्रों में संयुक्त परियोजनाओं के कार्यान्वयन पर चर्चा की। डोभाल द्विपक्षीय ऊर्जा और रक्षा संबंधों पर महत्वपूर्ण वार्ता करने और इस वर्ष के अंत में राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा की तैयारी के लिए रूस में हैं। भारत स्थित रूसी दूतावास के अनुसार, डोभाल और मंतुरोव की मुलाकात शुक्रवार को हुई। दूतावास ने एक पोस्ट में कहा, ''इस बैठक के दौरान भारत-रूस के बीच सैन्य-तकनीकी सहयोग से जुड़े मौजूदा मुद्दों पर चर्चा हुई। साथ ही असैन्य विमान निर्माण, धातु उद्योग और रासायनिक उद्योग जैसे अन्य रणनीतिक क्षेत्रों में संयुक्त परियोजनाओं को लागू करने पर भी बातचीत हुई। डोभाल ने बृहस्पतिवार को क्रेमलिन में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की थी और दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा की। मुलाकात के दौरान, उन्होंने बाहरी दबाव के बावजूद रूस के साथ सभी मोर्चों पर सहयोग जारी रखने की नयी दिल्ली की प्रतिबद्धता दोहराई। डोभाल की यात्रा ऐसे समय में हुई है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक कार्यकारी आदेश जारी करके रूस से तेल खरीदने पर भारतीय वस्तुओं पर 25 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क लगाया है। इसके बाद कुल शुल्क 50 फीसदी हो गया है। सूत्रों के अनुसार, डोभाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से राष्ट्रपति पुतिन को इस वर्ष के अंत में भारत आने का निमंत्रण दिया। पुतिन ने आभार के साथ निमंत्रण स्वीकार कर लिया है।

# एक न्यूक्लियर अटैक और नागासाकी की इस मां का दूध बन गया बच्चे के लिए जहर

**बीजिंग, एजेंसी।**
80 साल पहले अमेरिका ने हिरोशिमा और नागासाकी पर परमाणु हमला किया था। इसमें एक झटके में हजारों लोगों की मौत हुई और न जाने कितने लोगों की जिंदगी तबाह हो गई और जो लोग बच गए उनकी जिंदगी भी हमेशा के लिए बदल गई। ब्लास्ट और रेडिएशन से बची महिलाओं को नई वास्तविकताओं का सामना करना पड़ रहा है। नागासाकी ही महिलाओं की कहानियां बताती हैं कि कैसे रेडिएशन ने महिलाओं की जिम्मेदारी, पारिवारिक अपेक्षाओं और हिबाकुशा माताओं में जनता के विश्वास के मायने ही बदल दिए। ऐसी ही एक कहानी नागासाकी की एक मां की है, जिसके बेटे को बाद में ल्यूकेमिया हो गया और इसकी वजह डॉक्टरों ने स्तनपान के दौरान फैलने वाली विकिरण बीमारी बताया। नाकामुरा... ये उस मां का नाम है जो ये मानती है कि उसके बच्चे की मौत उसकी वजह से हुई। दरअसल, अमेरिका के परमाणु हमले में बचने के तीन साल बाद



वो एक बच्चे को जन्म देती हैं। बच्चा धीरे-धीरे बड़ा होता है और एक दिन उसकी पीठ पर कुछ गांठें दिखाई पड़ती हैं। पहले तो वो ये सोचती हैं कि ये सिर्फ दाने हैं और बेटे से कहती हैं कि वो अस्पताल में जाकर डॉक्टर की सलाह ले। 2003 में 55 साल की उम्र में उनका बेटा अस्पताल जाता है। धीरे-धीरे वक्त बीतता जाता है लेकिन उसकी कोई खैर खबर नहीं मिलती है। आखिरकार हारकर वो बेटे का हाल जानने के लिए खुद अस्पताल पहुंचती हैं। उनका बेटा उनसे कहता है कि डॉक्टर कुछ टेस्ट करेंगे। जब टेस्ट के रिजल्ट आते हैं तो पता चलता है कि उनके बेटे को स्टेज 4 ल्यूकेमिया (ब्लड कैंसर की एडवांस स्टेज) है। ये उनके शरीर के दूसरे हिस्सों में भी फैल चुका था। नाकामुरा बताती हैं कि डॉक्टरों ने कहा कि इस कैंसर की जिम्मेदार और कोई नहीं बल्कि वो खुद हैं। उन्होंने ने ही अपने बेटे को कैंसर दिया है, जो स्तनपान के जरिए उनके बेटे के अंदर पहुंचा है। एक समय के बाद उनके बेटे की मौत हो जाती है तो नाकामुरा को विश्वास हो गया कि उन्होंने ही अपने बेटे को मार डाला। ये ख्याल उन्हें आज भी चैन से जीने नहीं देता है और डॉक्टर कही बात उन्हें बार-बार परेशान करती है। परमाणु विकिरण के संपर्क में आने वाली महिलाओं को आमतौर पर परमाणु विस्फोट के तुरंत बाद स्तनपान बंद करने की सलाह दी जाती है। हालांकि विशेषज्ञों का कहना है कि इस बात का कोई ठोस प्रमाण नहीं है कि रेडिएशन के संपर्क में आने के सालों बाद भी मां बच्चों को कैंसर पैदा करने वाला पदार्थ दे सकती है। बांझपन या बच्चे की विकलांगता का विकिरण जोखिम से कोई लेना-देना नहीं होता, तब भी हिबाकुशा महिलाओं को अक्सर दोषी ठहराया जाता था।

### संयुक्त राष्ट्र ने गाजा पर नियंत्रण के इस्राइल के फैसले को बताया खतरनाक

**वाशिंगटन, एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने शुक्रवार को कहा कि गाजा शहर पर नियंत्रण करने के इस्राइल के फैसले से लाखों फलस्तीनियों के लिए पहले से ही विनाशकारी परिणाम और भी गंभीर हो सकते हैं, और इससे शेष बंधकों समेत और भी लोगों की जान को खतरा हो सकता है। गुटेरेस ने यह भी चेतावनी दी कि इस्राइली आक्रमण के परिणामस्वरूप और अधिक जबरन विस्थापन, हत्याएं और बड़े पैमाने पर विनाश होगा, जिससे गाजा में फलस्तीनी आबादी की अकल्पनीय पीड़ा और बढ़ जाएगी। मामले में सहयोगी प्रवक्ता स्टेफनी ट्रेम्बले ने कहा कि महासचिव ने युद्धविराम की अपनी तत्काल अपील दोहराई। ट्रेम्बले ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र के संवाददाताओं को बताया कि संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने इस्राइल से गाजा, पश्चिमी तट और पूर्वी यरुशलम समेत फलस्तीनी क्षेत्र में अपनी अवैध उपस्थिति को समाप्त करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय की जुलाई 2024 की सलाहकार राय का पालन करने का आग्रह किया।

## रूस-यूक्रेन युद्ध खत्म कराने में मदद करेगा भारत, टैरिफ तनाव के बीच अमेरिका सांसद ने जताई उम्मीद

**वाशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर लगाए गए टैरिफ के बाद दोनों देशों के संबंधों में खटास नजर आ रही है। इसी बीच अमेरिकी सीनेटर लिंडसे ग्राहम ने शुक्रवार को रूस और यूक्रेन युद्ध समाप्त करवाने के लिए भारत से अपने प्रभाव को इस्तेमाल करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि अगर भारत के जरिए यह युद्ध समाप्त होता है तो यह भारत और अमेरिका के संबंधों को बेहतर बनाने में सबसे महत्वपूर्ण कदम साबित होगा।

सोशल मीडिया साइट एक्स पर पोस्ट करते हुए ग्राहम ने लिखा, जैसा कि मैं भारत में मौजूद अपने दोस्तों से कहता रहा हूं, भारत और अमेरिका के संबंधों को बेहतर बनाने के लिए वह एक सबसे महत्वपूर्ण काम कर सकते हैं। वह काम है राष्ट्रपति ट्रंप की यूक्रेन में हो रहे खूनखराबे को रोकने की कोशिश में मदद करना।

ग्राहम ने रूस से भारत की तेल खरीद का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, भारत पुतिन के सस्ते तेल का दूसरा सबसे बड़ा खरीददार है। इस तेल खरीद के जरिए मिले पैसे से ही पुतिन की युद्ध मशीन को मदद मिलती है। राष्ट्र्पति पुतिन और पीएम मोदी के बीच हुए हालिया फोन कॉल का जिक्र करते हुए ग्राहम ने कहा, मुझे उम्मीद है कि पीएम मोदी ने पुतिन के साथ अपने हालिया फोन कॉल में यूक्रेन के इस युद्ध का न्यायसंगत, सम्मानजनक और हमेशा के लिए विवाद खत्म करने वाले प्रस्ताव को स्वीकार करने की आवश्यकता पर जोर दिया होगा। मेरा हमेशा से यही मानना रहा है कि इस मामले में भारत का प्रभाव है और मुझे उम्मीद है कि वह बुद्धिमानी के साथ इसका इस्तेमाल करेंगे।

# रूस-यूक्रेन युद्ध पर पुतिन से मुलाकात-चर्चा करेंगे ट्रंप, 15 अगस्त को अलास्का में होगी बैठक

**वॉशिंगटन, एजेंसी।**
अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से 15 अगस्त को अलास्का में मुलाकात करेंगे। जानकारी के मुताबिक दोनों नेता यूक्रेन युद्ध पर चर्चा करेंगे। ट्रंप ने मेरे और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच बहुप्रतीक्षित बैठक अगले शुक्रवार, 15 अगस्त, 2025 को ग्रेट स्टेट ऑफ अलास्का में होगी। आगे की जानकारी बाद में दी जाएगी।

अगर यह बैठक होती है तो 2021 के बाद अमेरिका और रूस के बीच यह पहला शिखर सम्मेलन होगा। तब पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन ने जिनेवा में पुतिन से मुलाकात की थी। यह ट्रंप की युद्ध खत्म करने की कोशिश में एक अहम कदम होगा, हालांकि रूस और यूक्रेन की शांति शर्तें अभी भी एक-दूसरे से बहुत अलग हैं, इसलिए लड़ाई रुकने की गारंटी नहीं है। ट्रंप की इस घोषणा के बीच, मोर्चे पर लड़ रहे यूक्रेनी सैनिकों को कूटनीतिक हल की ज्यादा उम्मीद नहीं है। ट्रंप ने लगभग दो हफ्ते पहले पुतिन को बमबारी रोकने का अल्टीमेटम दिया था और धमकी दी थी कि अगर



रूस पीछे नहीं हटता तो अतिरिक्त प्रतिबंध और रूसी तेल खरीदने वाले देशों पर टैरिफ लगाए जाएंगे। रूस की सेना धीरे-धीरे यूक्रेन में आगे बढ़ रही है और शहरों पर लगातार हमले कर रही है। डोनेटस्क के पोक्रोव्स्क इलाके में लड़ाई सबसे ज्यादा तेज है, जहां रूस ड्निप्रोपेट्रोव्स्क की ओर बढ़ने की कोशिश कर रहा है। यूक्रेन के पास जनशक्ति की कमी है, फिर भी सैनिक डटे हुए हैं। डोनेटस्क में ड्रोन यूनिट के एक कमांडर बूदा ने कहा, रूस से बातचीत असंभव है, उन्हें हराना ही एकमात्र रास्ता है। दक्षिणी जापोरिज्जिया में हॉवित्जर यूनिट के कमांडर वारसा ने कहा, हम अपनी जमीन पर खड़े हैं, हमारे पास पीछे हटने का विकल्प नहीं है। क्रेमलिन के मुताबिक, पुतिन ने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से फोन पर बात की और ट्रंप के दूत स्टीव विटकॉफ से हुई मुलाकात की जानकारी दी। शी ने यूक्रेन संकट के दीर्घकालिक समाधान के लिए समर्थन जताया।

# ट्रंप के टैरिफ वार के बीच रूस में डोभाल की मैराथन बैठक, टॉप-3 नेताओं से मिले

**रूस , एजेंसी।**
राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने शुक्रवार को मास्को में रूस के उप प्रधानमंत्री डेनिस मांतुरोव से मुलाकात की। यह दो दिनों में उनकी तीसरी उच्चस्तरीय बैठक थी। गुरुवार को डोभाल ने रूसी सुरक्षा परिषद सचिव सर्गेई शोइगू से बातचीत की और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से भी भेंट की थी। रूसी सरकार के बयान के मुताबिक, डोभाल और मांतुरोव ने सैन्य-तकनीकी सहयोग के साथ-साथ नागरिक विमानन और रासायनिक उद्योग जैसे अन्य रणनीतिक क्षेत्रों में संयुक्त परियोजनाओं के क्रियान्वयन पर चर्चा की। मांतुरोव ने नवंबर 2024 में मुंबई में हुई पिछली भारत-रूस की बैठक में सह-अध्यक्षता की थी।

डोभाल की यह यात्रा ऐसे समय हुई है जब भारत-अमेरिका संबंधों में तनाव



तेज हो गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत की रूस से तेल खरीद जारी रखने के कारण भारतीय आयात पर अतिरिक्त 25त्न शुल्क लगा दिया है, जो पहले से लागू 25प्रतिशत टैरिफ के साथ मिलकर कुल 50प्रतिशत हो गया है।

पुतिन की भारत यात्रा पर भी चर्चा

डोभाल और रूसी नेताओं के बीच बातचीत में इस साल के अंत में होने वाले वार्षिक भारत-रूस शिखर सम्मेलन के लिए पुतिन की नई दिल्ली यात्रा भी एजेंडे में रही। गुरुवार को डोभाल ने कहा था कि ये वार्षिक बैठकें हमेशा मील का पत्थर साबित हुई हैं और रिश्तों को नई दिशा देती रही हैं। शुक्रवार को पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बात की, जिसमें उन्होंने यूक्रेन संघर्ष के समाधान के प्रयासों की जानकारी दी। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा, हमने द्विपक्षीय एजेंडे की प्रगति की समीक्षा की और भारत-रूस विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने की प्रतिबद्धता दोहराई। पुतिन के इस साल के अंत में नई दिल्ली आने की उम्मीद है, जहां वे वार्षिक शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात करेंगे।

## 8 घायल, 1500 लोगों को रेस्क्यू किया

**कराची , एजेंसी।** पाकिस्तान के कराची में लांढी के एक्सपोर्ट प्रोसेसिंग क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक कपड़ा फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। इस हादसे में 8 लोग घायल हो गए और इमारत पूरी तरह ढह गई। पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार, आग सुबह लगी और करीब चार घंटे से अधिक समय तक बेकाबू रही। आग बुझाने के लिए 12 फायर टेंडर तैनात किए गए, लेकिन आग तेजी से फैल गई।



पास की चार अन्य फैक्ट्रियों तक भी आग पहुंच गई। फैक्ट्री में पुराने कपड़ों की रीसाइकलिंग होती थी और वहां केमिकल भी रखे थे, जिससे आग और तेज हो गई। रेस्क्यू अधिकारी आबिद जिलाल ने बताया कि आग लगने के समय फैक्ट्री में 1,200 से 1,500 लोग मौजूद थे। सभी मजदूरों को सुरक्षित रेस्क्यू किया गया और आसपास की इमारतों को भी खाली कराया गया। सिंध के मुख्यमंत्री सैयद मुराद अली शाह ने घटना का संज्ञान लिया और बचाव कार्यों में लगे। मुख्य अग्निशमन अधिकारी मुहम्मद हुमायूं ने बताया कि आग पहली मंजिल से शुरू हुई और तेजी से फैल गई। आग का कारण अभी पता नहीं चल सका है। मलबा हटाने में तीन से चार दिन लग सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि क्षेत्र की फैक्ट्रियों को सुरक्षा सर्वे फॉर्म भेजे गए थे, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। जियो न्यूज के अनुसार, जून में लांढी में एक दूसरी फैक्ट्री में आग लगने से पांच कर्मी घायल हुए थे।

## हबल अंतरिक्ष दूरबीन ने दूसरे सौरमंडल से आए धूमकेतु की सबसे साफ तस्वीर ली

**वाशिंगटन, डीसी, एजेंसी।**
हबल अंतरिक्ष दूरबीन ने एक ऐसे धूमकेतु की अब तक की सबसे साफ तस्वीर खींची है, जो हमारे सौरमंडल के बाहर के किसी तारे से आ रहा है। यह धूमकेतु बहुत तेजी से यात्रा कर रहा है। यह तस्वीरें नासा और यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी ने बृहस्पतिवार को साझा कीं। इस धूमकेतु का नाम 3आई-एटलस है। इसे पिछले महीने चिली में एक जमीन पर लगी दूरबीन से खोजा गया था। यह अब तक पाया गया तीसरा ऐसा अंतरतारकीय (दूसरे तारे से आया हुआ) पिंड है, जो हमारे सौरमंडल से होकर गुजरेगा। अच्छी बात यह है कि इससे पृथ्वी को कोई खतरा नहीं है। शुरुआत में वैज्ञानिकों ने सोचा था कि इसके बीच का बर्फीला हिस्सा (जिसे नाभिक कहते हैं) बहुत बड़ा होगा। लेकिन हबल की ली गई तस्वीरों से पता चला कि इसका आकार ज्यादा से ज्यादा 5.6 किलोमीटर है, और हो सकता है कि यह सिर्फ 320 मीटर ही हो। यह धूमकेतु करीब 2 लाख 9 हजार किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हमारी दिशा में आ रहा है। लेकिन यह पृथ्वी के बजाय मंगल ग्रह के ज्यादा पास से गुजरेगा, इसलिए इससे हमें कोई खतरा नहीं है।नासा के अंतरिम प्रशासक सीन डफी ने 2030 तक चंद्रमा की सतह पर एक परमाणु रिएक्टर स्थापित करने की योजना की घोषणा की है।

# 11000 की जनसंख्या वाले देश पर मंडरा रहा है डूबने का खतरा

### ऑस्ट्रेलिया ने खोले दरवाजे

**तुवालु, एजेंसी।**
समुद्र का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है, जिसके कारण दुनिया के कई देश डूबने की कगार पर हैं। प्रशांत महासागर में मौजूद तुवालु भी इन्हीं में से एक है। वायर्ड की रिपोर्ट के अनुसार, तुवालु अगले 25 साल में डूब जाएगा। ऐसे में तुवालु के लोगों ने अभी से पलायन करना शुरू कर दिया है।

9 कोरल आईलैंड और अटॉल्स से बने तुवालु देश की जनसंख्या महज 11,000 है। यह द्वीप समुद्रतल से महज 2 मीटर ऊंचा है। ऐसे में तुवालु से लोगों का पलायन दुनिया का पहला योजनाबद्ध प्रवास माना जा रहा है।

समुद्रतल से कम ऊंचाई के कारण तुलावु में अक्सर बाढ़ और समुद्री तूफान



जैसे खतरे बने रहते हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, तुवालु के 9 में से 2 आईलैंड पहले ही डूब चुके हैं और बाकी आईलैंड भी डूबने की कगार पर हैं। 15 सालें की तुलना में 2023 में तुवालु के आसपास का समुद्रीस्तर 15 सेंटीमीटर बढ़ गया था। ऐसे में संभावना है कि अगले 25 सालों यानी 2050 तक तुवालु पूरी तरह से डूब जाए। 2023 में तुवालु और ऑस्ट्रेलिया ने फॉलेपिली समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। इसके तहत हर साल 280 तुवालु नागरिकों को ऑस्ट्रेलिया की स्थायी नागरिकता प्रदान की जाएगी। 16 जुलाई से 18 जुलाई के बीच आवेदन का पहला फेज देखने को मिला।

ऑस्ट्रेलियन हाई कमिशन के अनुसार, 8,750 लोगों ने आवेदन किया था। जिनमें से बैलट के जरिए 280 लोगों का चयन किया गया है।

## बिजनौर में दर्दनाक हादसा : पंप ठीक करने कुएं में उतरे तीन भाइयों की दम घुटने से मौत

बिजनौर (एजेंसी)। यूपी के बिजनौर जिले के सरकथल गांव में रविवार को हुए एक दर्दनाक हादसे ने पूरे इलाके को शोक में डुबो दिया। दरअसल 20 फीट गहरे कुएं में पंप बेल्ट लगाने के दौरान जहरीली गैस की चपेट में आए तीन भाइयों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान 25 वर्षीय छत्रपाल, 22 वर्षीय हिमांशु (चचेरा भाई) और 20 वर्षीय कशिश के रूप में हुई है। घटना उस समय हुई जब सबसे पहले छत्रपाल कुएं में उतरा और जहरीली गैस के कारण बेहोश हो गया। उसे बचाने के लिए हिमांशु और कशिश भी एक-एक कर कुएं में उतरे, लेकिन वे भी गैस की चपेट में आकर बेहोश हो गए। गांव के एक व्यक्ति ने शोर सुनकर मदद के लिए दौड़ लगाई। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों में से एक ने गीला कपड़ा बांधकर रस्सी की मदद से कुएं में उतरकर तीनों को ऊपर खींचा। उन्हें तुरंत नूरपुर अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। इस हादसे से परिवार और पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है। पुलिस के मुताबिक, परिवार ने किसी भी तरह की कानूनी कार्रवाई से इनकार कर दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पंप खराब होना गांव में आम समस्या होती है और लोग अक्सर खुद ही मरम्मत के लिए कुएं में उतर जाते हैं, लेकिन इस हादसे ने साफ कर दिया कि बिना उचित सावधानी यह कदम जानलेवा साबित हो सकता है।

## मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ दायर की चार्जशीट

**-दो कंपनियों से 58 करोड़ की अवैध कमाई का आरोप**


नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रविवार को मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी के पति और कारोबारी रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की। ईडी का आरोप है कि वाड्रा ने दो कंपनियों के जरिए 58 करोड़ रुपये की अवैध कमाई की, जिसका इस्तेमाल उन्होंने अचल संपत्तियां खरीदने, निवेश करने, कारोबारी कर्ज चुकाने और विभिन्न ग्रुप कंपनियों को फंड देने में किया। ईडी की चार्जशीट के अनुसार, वाड्रा को कथित आपराधिक गतिविधियों से जुड़ी यह रकम दो रास्तों से मिली। इसमें 5 करोड़ रुपये ब्लू ब्रीज ट्रेडिंग प्राइवेट लिमिटेड (बीबीटीपीएल) के जरिए और 53 करोड़ रुपये स्काई लाइट हॉस्पिटैलिटी प्राइवेट लिमिटेड के जरिए ट्रांसफर हुए। ईडी के अनुसार जांच में सामने आया कि इन दोनों कंपनियों से प्राप्त रकम को वाड्रा ने न केवल अचल संपत्ति खरीदने और निवेश में लगाया, बल्कि अपने व्यवसायिक नेटवर्क की देनदारियां चुकाने में भी इस्तेमाल किया। ईडी का कहना है कि पूरी प्रक्रिया में मनी लॉन्ड्रिंग रोधक कानून (पीएमएलए) के तहत अपराध से अर्जित संपत्ति को छिपाने और वैध दिखाने की कोशिश की गई। ईडी ने कहा है, कि चार्जशीट में जुटाए गए दस्तावेजी सबूत और बैंक ट्रांजैक्शन रिकॉर्ड इस कथित अवैध कमाई के स्रोत और इस्तेमाल की पुष्टि करते हैं। मामले की सुनवाई जल्द ही विशेष अदालत में शुरू होगी।

## आत्मविश्वेश्वर मंदिर में लगी आग, पुजारी समेत सात लोग झुलसे

वाराणसी (एजेंसी)। यूपी के वाराणसी में आत्मविश्वेश्वर मंदिर में आग लग गई जिसकी चपेट में आने से मंदिर के पुजारी समेत सात लोग झुलस गए। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के मुताबिक यह घटना तब हुई जब मंदिर को एक प्राचीन धर्मस्थल की तर्ज पर सजाया जा रहा था। इसी दौरान अचानक आग लग गई जिसने देखते ही देखते पूरे मंदिर को अपनी चपेट में ले लिया। जानकारी के मुताबिक शुरुआती जांच में पता चला है कि आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट हो सकती है। आग की खबर सुनते ही लोग और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और बचाव कार्य में जुट गई। पुलिस ने आग से झुलसे लोगों को अस्पताल पहुंचाया। इस घटना पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने गहरा दुख जताया है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि वाराणसी में श्री आत्मा विश्वेश्वर महादेव मंदिर में आग लगने और कई श्रद्धालुओं के झुलसने का समाचार दुखद है। बाबा काशी विश्वनाथ से हादसे में घायल श्रद्धालुओं के शीघ्र स्वास्थ्य की प्रार्थना करता हूं।

## सीएम सरमा बोले- तोज सभी घुसपैठियों को राहुल गांधी के घर भेज दो

गुवाहाटी (एजेंसी)। घुसपैठियों को लेकर कांग्रेस नरम और भाजपा हमेशा ही सख्त रही है। इसी बीच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सांसद गौरव गोगोई ने हाल ही में घुसपैठियों को ना असमिया (नया असमिया) कहा था। इस पर असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कांग्रेस पार्टी पर घुसपैठियों को नई पहचान देने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी को अगर बाहर से आए घुसपैठियों से इतना ज्यादा ही लगाव है तो उन्हें अपने घर में जगह दें या फिर राहुल गांधी के घर पर भेज दें। इतना ही नहीं हिमंत ने अतिक्रमण के खिलाफ चल रही राज्य सरकार की जंग की सराहना करते हुए कहा कि सरकारी जमीनों को मुक्त कराने के लिए चलाया जा रहा बेदखली अभियान ऐसे ही जारी रहेगा। मीडिया से बात



करते हुए सीएम ने कहा कि राज्य के संसाधनों को लेकर भी अपनी चिंता जताई। उन्होंने कहा कि असम में मूल असमियों के लिए ही पर्याप्त संसाधन या जगह नहीं है, तो ऐसे में हम तथाकथित नए असमियों को कैसे जगह दे सकते हैं। उन्होंने कहा, न तो जमीन है, न जगह, न घर। हम असमियों को पर्याप्त सुविधाएं नहीं दे सकते। ऐसे में हम इन तथाकथित नए असमियों को ये सुविधाएं कैसे दे सकते हैं? गोगोई को अगर इनकी इतनी ही चिंता है, तो इन लोगों को राहुल गांधी के घर भेज देना चाहिए मुख्यमंत्री ने राज्य में घुसपैठियों को केंद्र में रखकर चलाए जा रहे अतिक्रमण बेदखली अभियान की भी सराहना की। उन्होंने कहा, बेदखली अभियान जारी रहेगा। अगले साल विधानसभा चुनाव के बाद, भाजपा सत्ता में वापस आएगी और तब भी बेदखली जारी रहेगी।

# सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद महिलाओं ने गाया बधाई गीत, योगी सरकार के ट्रस्ट पर रोक

### वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर का मामला

**मथुरा, (एजेंसी)।** क्या आप सोच सकते हैं कि किसी मामले में सुप्रीम कोर्ट फैसला दे और उसके सम्मान में मंदिर में महिलाएं बधाई गीत गाएं। जी हॉं वृंदावन के बांके बिहारी मंदिर मामले में ऐसा ही कुछ हुआ है। दरअसल कॉरिडोर प्रोजेक्ट और यूपी की योगी सरकार के मंदिर प्रबंधन के लिए बनाए गए ट्रस्ट का विरोध गोस्वामी परिवार और उनकी महिलाएं पिछले ढाई माह से लगातार कर रहीं थीं और अब कोर्ट ने इस पर रोक लगाकर एक तरह से उन्हें राहत प्रदान कर दी है।



सुप्रीम कोर्ट के फैसले से पहले तक जो महिलाएं विरोध स्वरुप प्रदर्शन कर रहीं थीं वही अब बधाई गीत गाती नजर आई हैं। मानों बांके बिहारी मंदिर का माहौल ही अचानक बदल गया है। कोर्ट का फैसला जान गोस्वामी परिवार और उनकी महिलाएं खुश हो गईं और ठाकुरजी को निहारते हुए बधाई गीत गाने लगीं, इससे मंदिर प्रांगण का भक्तिमय माहौल भावुक पलों में तब्दील हो गया। यहां पहुंचने वाले श्रद्धालुओं और भक्तों में इसकी वजह जानने की कोशिश की। इस पर वहां मौजूद महिलाएं भावुक हो कहती दिखीं, जिन्होंने हमारे ठाकुरजी को परेशान करने की कोशिश की थी, उनकी हार हुई। ठाकुरजी ने तो हमें अपने पास ही रखा...। वे सभी जयकारा लगाते हुए बोलीं...जय हो बिहारीजी की। इसी के साथ भावना से ओत-प्रात महिलाएं गाती हैं, मेरे ठाकुर जी की फूल गई फुलवाड़ीज। जिसमें अन्य भक्तजन भी शामिल होते चले जाते हैं।

यहां बताते चलें कि कॉरिडोर प्रोजेक्ट और यूपी सरकार के मंदिर प्रबंधन के लिए बनाए जाने वाले ट्रस्ट का विरोध काफी लंबे समय से किया जा रहा था। इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट में याचिकाएं दायर की गईं थीं। इन याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए 8 अगस्त को सुप्रीम कोर्ट ने कहा- बांके बिहारी मंदिर न्यास अध्यादेश, 2025 के तहत समिति के संचालन को रद्द किया जा रहा है। कोर्ट ने बांके बिहारी ट्रस्ट पर अस्थाई रोक लगाते हुए अध्यादेश की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिका को हाईकोर्ट ट्रांसफर कर दिया। इसे बांके बिहारी मंदिर से जुड़े हुए लोग और भक्त बड़ी जीत बता रहे हैं और बधाई गीत गा रहे हैं।

## वकील अपनी पहचान न्याय के सूत्रधार के रुप में स्थापित करें : पूर्व सीजेआई



**छत्रपति संभाजीनगर (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट के पूर्व सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने वकालत कर रहे छात्रों और वकीलों को नैतिकता पर खरे उतरने की हिदायत दी है। उन्होंने कहा कि सभी वकीलों को अपनी पहचान न्याय के सूत्रधार के रूप में स्थापित करनी चाहिए। पूर्व सीजेआई के मुताबिक सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता है। खासकर कानून की पढ़ाई करने वाले अभ्यार्थी जिंदगी भर कुछ न कुछ नया सीखते हैं। वो एक स्वतंत्र विचारक होते हैं। लॉ कॉलेज में छात्रों को संबोधित करते हुए पूर्व सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि वकीलों के लिए न्याय सबसे पहले होना चाहिए। अगर चाहिए तो दूसरों का मार्गदर्शन जरूर लो, आपकी सोच स्वतंत्र होनी चाहिए। उनहोंने कहा कि अगर नई पीढ़ी कुछ नया सीखती है और अपने कर्तव्य के प्रति ईमानदार रहती है, तो इस क्षेत्र में आपके सामने ढेरों मौके खुले हैं। आज महिलाएं भी सुपरस्पेशलिटी और तकनीकी शाखाओं में शामिल हो रही हैं। यह बदलाव कानून के क्षेत्र में भी आना चाहिए। कानून में भी महिलाओं की भागीदारी बढ़नी चाहिए। चंद्रचूड़ ने कहा कि कई छात्र छोटे शहरों और ग्रामीण इलाकों से आते हैं। वह न सिर्फ लॉ कॉलेज में अहम योगदान देते हैं बल्कि सफलता की नई कहानी भी बुनते हैं। बेहतर प्रैक्टिस के लिए कानून की पढ़ाई करने वाले बच्चों को लाइब्रेरी डेटाबेस मुहैया करवाना चाहिए। सीनियर्स को चाहिए कि नए वकीलों को उनके शुरुआती दिनों में सपोर्ट करें और आर्थिक रूप से उनकी मदद करें।

## तेजस्वी के आरोप हुए सच साबित: डिप्टी सीएम खुद बोले- हॉं हैं दो जगह नाम, पर हटाने का आवेदन दे चुका

**पटना(एजेंसी)।** बिहार में मतदाता सूची में डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा का नाम दो जगह दर्ज होने को लेकर रविवार को सियासत गरमा गई। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने आरोप लगाया कि सिन्हा के पास दो ईपिक नंबर हैं और उनका नाम पटना के बांकीपुर व लखीसराय, दोनों विधानसभा क्षेत्रों की वोटर लिस्ट में मौजूद है, साथ ही उम्र में भी अंतर है। इसे स्वीकार करते हुए डिप्टी सीएम बोले, हॉं मेरे दो जगह से नाम हैं और एक जगह से हटाने का आवेदन भी दे चुका हूं।



दरअसल इन आरोपों के चलते बिहार से लेकर दिल्ली तक की राजनीति गरमा गई है। ऐसे में आरोप लगने के कुछ ही देर बाद डिप्टी सीएम विजय कुमार सिन्हा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए अपनी सफाई भी पेश कर दी। मीडिया के समक्ष उन्होंने स्वीकार करते हुए कहा, कि मेरा नाम दो जगह दर्ज है, लेकिन पटना से नाम हटाने का आवेदन पहले ही दे चुका हूं। अभी अंतिम मतदाता सूची जारी नहीं हुई है, प्रक्रिया जारी है। डिप्टी सीएम सिन्हा का कहना है, कि उन्होंने 30 अप्रैल 2024 को लखीसराय में नाम जोड़ने और पटना से हटाने का फॉर्म भरा था, लेकिन तकनीकी कारण से नाम नहीं हट पाया। प्रारूप प्रकाशन के बाद जब परिवार ने दोबारा नाम दर्ज होने की जानकारी दी, तो उन्होंने 5 अगस्त को बीएलओ को फॉर्म-7 भरकर दिया और उसकी रिसीविंग भी ली। डिप्टी सीएम ने कहा, कि बीजेपी लोकतंत्र की प्रहरी है, संवैधानिक संस्थाओं का अपमान नहीं करती। दो जगह से वोट देने की परंपरा हमारी नहीं, बल्कि इनकी है। उन्होंने तेजस्वी यादव को जंगलराज के युवराज कहते हुए आरोप लगाया कि विपक्ष जनता में भ्रम फैला रहा है। डिप्टी सीएम सिन्हा के साथ मौजूद एक वकील ने स्थिति को संभालते हुए स्पष्ट किया कि नाम दो जगह आने का कारण बीएलओ प्रक्रिया की तकनीकी खामी है और अब सुधार के लिए चुनाव आयोग द्वारा एक महीने का समय दिया गया है।

## पैसा कमाने परदेस गया था बेटा बॉक्स में लौटा, बूढ़ी मां के रुक नहीं रहे आंसू

### नाइजर में 4 महीने में 8 भारतीय मजदूरों पर हुए हमले, 6 अगवा, दो की हत्या

**गोरखपुर (एजेंसी)।** बेटे परदेस गया था पैसा कमाने, लेकिन बॉक्स में लौटा। मौत के 12 दिन बाद उसकी लाश देखी। उसके सीने पर गोली मारी। दो गोली कमर पर और एक सिर में लगी थी। बोलकर गया था कि दीवाली से पहले लौट आऊंगा, लेकिन वह हमें छोड़कर चला गया। यह कहना है 63 साल की ज्ञानती देवी का। वह बेटे कृष्ण की फोटो देखकर भावुक हो जाती हैं।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक कृष्ण कुमार गुप्ता पश्चिमी अफ्रीका के देश नाइजर में काम करने गया था। 15 जुलाई को उसकी साइट पर कुछ अज्ञात लोगों ने हमला कर दिया। कृष्ण को गोली मार दी। वे यूपी के कुशीनगर का रहने वाला था। आतंकियों ने कृष्ण के साथ काम करने वाले झारखंड के गणेश करमाली को भी गोली मार दी। जम्मू-कश्मीर के रंजीत को अगवा करके ले गए। उसका अभी तक पता नहीं चला है।

बता दें नाइजर में बीते चार महीने में आठ भारतीय मजदूरों पर जानलेवा हमले हुए। इनमें छह को अगवा कर लिया गया, जबकि दो की हत्या कर दी गई। जो मजदूर बच गए, उन्हें सेना के शिविर में निगरानी में रखा गया है। ये लोग अब भारत लौटना चाहते हैं। इन हमलों के पीछे आतंकी संगठन बोको हराम का हाथ बताया जा रहा है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक 15 जुलाई को डोसो में ट्रांसमिशन लाइन पर बिजली के खंभे लगाने का काम चल रहा था। इनमें जेसीबी ऑपरेटर कृष्ण गुप्ता, चीफ सेफ्टी अफसर रंजीत सिंह थे। रोज की तरह काम शुरू हुआ, लेकिन सुबह करीब 11 बजे बाइक से कुछ लोग आए। वह हथियारों से लैस थे। आते ही उन्होंने सिक्योरिटी में तैनात सेना के जवानों पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं। हमले के बारे में कृष्ण गुप्ता के परिवार को सबसे पहले दिनेश कुमार ने बताया था। दिनेश बिहार के गोपालगंज के रहने वाला है। घटना वाले दिन वे भी ट्रांसमिशन लाइन पर काम कर रहा था। वे दूसरी कंस्ट्रक्शन साइट पर था, इसलिए बच गया। दिनेश इस वक्त सेना के शिविर में हैं।

बता दें नाइजर में भारतीय मजूदरों पर हुआ ये पहला हमला नहीं था। इससे पहले भी 25 अप्रैल, 2025 को तिलाबेरी इलाके में बिजली का टावर लगाते समय हथियारबंद बाइक सवारों ने कल्पतरु कंपनी के मजदूरों पर हमला किया था। तब मजदूर लंच करके साइट पर लौट रहे थे। इसी दौरान हमलावरों ने अंधाधुंध फायरिंग कर दी। इस घटना में सेना के छह जवान घायल हुए थे। पांच भारतीय मजदूरों को हमलावर अपने साथ ले गए थे। पांचों मजदूर झारखंड के गिरिडीह जिले के दोंदलो गांव के रहने वाले हैं। नाइजर सरकार इनकी खोजबीन के लिए तिलाबेरी से लेकर डोसो तक सर्च ऑपरेशन चला रही है। ये सभी जनवरी 2025 को नाइजर गए थे। वे इस साल जुलाई में घर लौटने वाले थे। 25 अप्रैल की इस घटना के बाद 15 जुलाई को डोसो में काम कर रहे मजदूरों की हत्या कर दी गई। एक को अगवा कर लिया गया। इन घटनाओं के बाद अब चार महीने में नाइजर में आठ भारतीय मजदूरों पर हुए जानलेवा हमलों में छह किडनैपिंग और दो की हत्या के मामले सामने आए हैं।

## धराली रेस्क्यू ऑपरेशन में 1000 लोगों को सुरक्षित जगह पहुंचाया : सीएम पुष्कर धामी

देहरादून (एजेंसी)। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने धराली रेस्क्यू ऑपरेशन की जानकारी देते हुए बताया कि खराब मौसम के बावजूद अब तक 1000 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। इनमें स्थानीय नागरिकों के साथ देशभर से आए तीर्थयात्री भी शामिल हैं। घायलों को जिला अस्पताल और एम्स में भर्ती कराया गया है, जहां उनके बेहतर इलाज की व्यवस्था की गई है। मुख्यमंत्री ने बताया कि हर्षिल और धराली क्षेत्रों में आवश्यक राहत सामग्री जैसे दवाएं, राशन, दूध और कपड़े पर्याप्त मात्रा में पहुंचाए गए हैं। बिजली आपूर्ति बहाल करने के लिए उरेडा का पावर हाउस शुरू किया गया है और यूपीसीएल द्वारा तारों की मरम्मत की जा रही है। मोबाइल नेटवर्क की बहाली और दो 125 केवी जनरेटर की व्यवस्था भी की गई है। सड़क मार्ग को दुरुस्त करने का कार्य तेज़ी से जारी है। गंगनानी में बेली ब्रिज का निर्माण हो रहा है और मंगलवार तक हर्षिल तक सड़क मार्ग पूरी तरह खोलने की उम्मीद है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन परिवारों के मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हुए हैं, उन्हें 5 लाख की तत्काल सहायता राशि दी जाएगी और अगले छह महीने का राशन भी उपलब्ध कराया जाएगा। राजस्व सचिव की अध्यक्षता में एक समिति बनाई गई है जो पुनर्वास और क्षति का आकलन करेगी। सेब के बगीचों को हुए नुकसान की भी समीक्षा होगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि पौड़ी के अन्य प्रभावित गांवों में भी सहायता दी जाएगी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताते हुए कहा कि केंद्र सरकार हर संभव सहयोग दे रही है।

## पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ 21 जुलाई से लापता, उन्हें ढूंढने के लिए याचिका दायर करेंगे: संजय राउत

**मुंबई (एजेंसी)।** पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ 21 जुलाई से लापता हैं। स्वस्थ होने के बावजूद, यह बेहद चौंकाने वाला था कि उन्हें बताया गया कि उन्होंने स्वास्थ्य कारणों से इस्तीफा दे दिया है। लेकिन, इस्तीफे के बाद से वह कहाँ हैं, उनकी स्वास्थ्य स्थिति क्या है, क्या वह सचमुच मौजूद हैं? क्या उन्हें कहीं गायब कर दिया गया है? ये संदेह हमारे मन में आ रहे हैं। रूस और चीन में जिन नेताओं को हम नहीं चाहते, उन्हें गायब करने का यही तरीका है। क्या इन लोगों ने ऐसी परंपरा शुरू की है? यह कहना है शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) पार्टी के वरिष्ठ नेता और सांसद संजय राउत का। संजय राउत ने रविवार को मीडिया से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा, उद्धव ठाकरे जब दिल्ली गए थे, तब कपिल सिब्बल और मैंने धनखड़ के बारे में चर्चा की थी। इस संबंध में, हमने निर्णय लिया है कि सर्वोच्च न्यायालय में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की जाए। जब कोई व्यक्ति नहीं मिल पाता है, तो ऐसी याचिका दायर की जा सकती है और न्यायालय के आदेश से संबंधित व्यक्ति का पता लगाया जा सकता है। संजय राउत ने आगे कहा, चुनाव से पहले कुछ लोगों



ने शरद पवार से मुलाकात की थी और एक निश्चित राशि देकर 160 सीटें जीतने का दावा किया था। मैं आपको यह भी बता दूँ कि ऐसे कुछ लोग लोकसभा और विधानसभा चुनावों के दौरान उद्धव ठाकरे से भी मिले थे। तब उद्धव ठाकरे ने उनसे साफ़ कहा था कि हम लोकतंत्र में विश्वास करते हैं। लोकसभा में महाराष्ट्र में हमें सफलता मिली थी। बाद में, विधानसभा चुनावों के दौरान, ये लोग फिर मिले और कहा, जो 60-65 सीटें आपको मुश्किल लग रही हैं, बताइए, हम उन्हें ईवीएम से जीतेंगे। हमने उनके प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया क्योंकि हमें ऐसे तरीके की ज़रूरत नहीं थी। हालाँकि, उन्होंने कहा कि सत्तारूढ़ दल ने ईवीएम और मतदाता सूची के ज़रिए तैयारी की है, इसलिए आपकी विफलता दिखाई दे रही है। हम आपको जिता सकते हैं, ऐसा उन्होंने यह भी कहा। हमें चुनाव आयोग और लोकतंत्र पर विश्वास था। लेकिन अब मुझे लगता है कि शरद पवार और उद्धव ठाकरे से मिलने वाले लोगों के दावों में सच्चाई होनी चाहिए।

## राहुल गांधी की वोट बचाओ अधिकार यात्रा कांग्रेस की समाप्ति की यात्रा है

### केंद्रीय मंत्री ने कहा- वे चाहते हैं हम घुसपैठियों को वोट देने का अधिकार दें

**बेगूसराय (एजेंसी)।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और बिहार विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव वोट बचाओ अधिकार यात्रा निकालने वाले हैं। केंद्रीय कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने रविवार को इस यात्रा को कांग्रेस की समाप्ति की यात्रा बताया। साथ ही ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई पर सवाल उठाने को लेकर उन्होंने कहा कि कांग्रेस को अपनी सेना नहीं, बल्कि पाकिस्तान पर ज्यादा भरोसा है।



सदन में पीएम मोदी के जवाब नहीं देने पर कांग्रेस द्वारा कायर बताए जाने को लेकर गिरिराज ने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस को देश की सेना पर भरोसा नहीं है। सेना के जनरल और सभी बड़े लोग बता चुके हैं, लेकिन उन्हें सेना और पीएम पर भरोसा नहीं है। कांग्रेस को डूबकर मर जाना चाहिए। अगर उनकी यही आदत रही तो वे देश के अंदर ही देशविरोधी कहलाएंगे।

राहुल गांधी के चुनाव आयोग पर सवाल उठाने पर गिरीराज सिंह ने कहा कि राहुल गांधी को संविधान का ज्ञान नहीं है। वे पागल की तरह बात करते हैं। वे क्या कहना चाहते हैं कि हमें बांग्लादेशी घुसपैठियों को वोट का अधिकार देना चाहिए, जो अवैध हैं, उन्हें वोट का अधिकार मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर उनमें ताकत है तो चुनाव आयोग को वह सूची क्यों नहीं दे रहे, जिसमें उन्होंने दावा किया है कि जो जिंदा थे, उन्हें मृत दिखाया गया और जो सही वोटर्स थे, उन्हें सूची से निकाल दिया गया? वे सोचते हैं कि झूठ बोलते रहेंगे, तो वह सच हो जाएगा?, लेकिन झूठ हमेशा झूठ ही रहेगा। मतदाता सूची से सही लोगों को नहीं, बल्कि जिनका दो बार नाम था, सिर्फ उन्हीं का नाम हटाया गया है। मेरा नाम दो जगह था और एक जगह काटा गया? है।

## अमेरिका में नई वीजा पॉलिसी और टैरिफ नियम छात्रों के लिए बन रहे चुनौती

**-ट्रंप करते रहे मनमानी तो एशिया उच्च शिक्षा का नया वैश्विक केंद्र बन जाएगा**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नई वीजा पॉलिसी और टैरिफ नियमों ने भारतीय छात्रों के लिए चुनौती बन गए हैं। पहले अमेरिका उच्च शिक्षा का केंद्र माना जाता था, अब वहां पढ़ाई महंगी, जटिल और जोखिम भरी हो गई है। 4 जुलाई 2025 को ट्रंप ने वन बिग ब्यूटीफुल बिल के तहत अमेरिका में छात्र वीजा के लिए एफ, एम और जे श्रेणी के आवेदकों को 250 डॉलर यानी करीब 21,463 रुपए की वीजा इंटीग्रिटी फीस और 24 डॉलर यानी करीब 2,060 रुपए की आई-94 फॉर्म फीस देने का आदेश दिया है। इसके अलावा छात्रों से उनके सोशल मीडिया अकाउंट्स की सार्वजनिक जानकारी मांगी जा रही है और उनकी गहन जांच की जा रही है। किसी भी प्रदर्शन या नियम उल्लंघन की स्थिति में वीजा रद्द होने का खतरा है।

नई पॉलिसी के मुताबिक छात्र वीजा की वैधता अब केवल 2 से 4 सालों तक सीमित की गई है। पहले छात्र अपनी पढ़ाई पूरी होने तक रुक सकते थे, लेकिन अब समयसीमा खत्म होने पर उन्हें एक्सटेंशन के लिए दोबारा प्रक्रिया से गुजरना होगा। वीजा इंटरव्यू की प्रतीक्षा भी अब लंबी हो गई है। चीन से आई रिपोर्ट्स बताती है कि वीजा इंटरव्यू की देरी से कई छात्र हतोत्साहित हैं और हांगकांग की यूनिवर्सिटीज में अमेरिकी ट्रांसफर रिक्वेस्ट की भरमार है।

ट्रंप प्रशासन का मकसद विदेशी छात्रों की संख्या कम करना है। कुछ छात्रों को राजनीतिक गतिविधियों के आरोप में वीजा रद्द कर देश छोड़ने को मजबूर किया गया है। कई मामलों में वीजा अपॉइंटमेंट्स अस्थायी रूप से रोक दिया गया है। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में यह सख्ती अमेरिका के लिए नुकसानदेह साबित हो सकती है। नेशनल एसोसिएशन फॉर फॉरेन स्टूडेंट्स अफेयर्स (एनएएफएसए) के मुताबिक इस फॉल सेमेस्टर में अमेरिका में विदेशी छात्रों की संख्या 30-40 फीसदी तक गिर सकती है, जिससे अमेरिकी अर्थव्यवस्था को अनुमानित 7 बिलियन डॉलर यानी करीब 61,000 करोड़ रुपए का नुकसान हो सकता है। विदेशी छात्रों पर निर्भर कॉलेज संकट में हैं।

इस बदलाव का फायदा ब्रिटेन, हांगकांग, सिंगापुर, मलेशिया, यूएई और कजाकिस्तान जैसे देशों को मिल रहा है। ब्रिटेन अब भारतीय छात्रों के लिए अमेरिका के बाद दूसरा पसंदीदा देश बन रहा है। यहां चीनी और अमेरिकी छात्रों की संख्या बढ़ रही है। खासकर बिजनेस और मैनेजमेंट कोर्सेज की मांग बढ़ी है। एशिया के देशों में वेस्टर्न यूनिवर्सिटीज के सैटेलाइट कैंपस स्थापित हैं, जहां फीस अपेक्षाकृत कम है। हांगकांग में विशेष ऑफर दिए जा रहे हैं कि यदि अमेरिका में वीजा नहीं मिलता, तो छात्र वहीं शिफ्ट हो सकते हैं।



दुबई में पिछले साल विदेशी छात्रों की संख्या 33फीसदी बढ़ी है। वहीं कजाकिस्तान में भी अमेरिकी यूनिवर्सिटीज के कार्यक्रम शुरू हो चुके हैं, जो खासकर चीनी और रूसी छात्रों को आकर्षित कर रहे हैं। अगर ट्रंप की नीतियां जारी रहीं, तो आने वाले सालों में एशिया उच्च शिक्षा का नया वैश्विक केंद्र बन जाएगा। भारतीय छात्रों के लिए यह एक चुनौतीपूर्ण समय जरूर है, लेकिन साथ ही नए अवसरों के द्वार भी खोल रहा है।

# त्योहारी मांग के बावजूद सरसों-मूंगफली तेल के दाम गिरे, बाकी तेल-तिलहन में सुधार

**- उपभोक्ताओं का रुख अब सस्ते विकल्प जैसे सोयाबीन और पामोलीन की ओर**

नई दिल्ली ।

बीते सप्ताह घरेलू तेल-तिलहन बाजार में मिश्रित रुख देखने को मिला। जहां सरसों और मूंगफली तेल-तिलहन के दाम गिरावट के साथ बंद हुए, वहीं सोयाबीन और पाम तेल में सुधार दर्ज किया गया। बाजार सूत्रों के अनुसार, सरसों तेल के दाम आयातित खाद्य तेलों की तुलना में 35-40 रुपये प्रति किलो अधिक हैं, जिससे इसकी मांग कमजोर पड़ी है। उपभोक्ताओं का रुख अब सस्ते विकल्प जैसे सोयाबीन और पामोलीन की ओर है। मूंगफली की नई फसल में बरसात के कारण नमी होने से किसानों को मजबूरी में कम दाम पर बेचना पड़ा। इससे मूंगफली तेल-तिलहन की कीमतें भी गिरीं। मूंगफली तिलहन का भाव 75 रुपये गिरकर 5,700-6,075 रुपये क्विंटल रहा, जबकि मूंगफली तेल गुजरात का दाम 150 रुपये घटकर 13,500 रुपये क्विंटल पर बंद हुआ। सरकार ने आगामी खरीफ फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) बढ़ाया है। सोयाबीन का एमएसपी 436 रुपये बढ़ाकर 5,328 रुपये और मूंगफली का 480 रुपये बढ़ाकर 7,263 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है। लेकिन वर्तमान बाजार कीमतें एमएसपी से नीचे हैं, जिससे चिंता बनी हुई है। उधर, त्योहारी मांग और स्टॉक की सीमित उपलब्धता के चलते सोयाबीन तेल-तिलहन में मजबूती रही। सोयाबीन दाने और लूज के भाव क्रमशः 4,875-4,925 रुपये और 4,575-4,675 रुपये क्विंटल रहे। सोयाबीन दिल्ली का तेल 200 रुपये चढ़कर 13,200 रुपये और डीगम तेल 200 रुपये की बढ़त के साथ 10,225 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। पाम तेल में भी सुधार देखा गया। सीपीओ का भाव 280 रुपये बढ़कर 11,380 रुपये और पामोलीन दिल्ली 175 रुपये बढ़कर 13,000 रुपये प्रति क्विंटल रहा। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि किसानों को बेहतर दाम दिए जाएं, तो इससे न केवल उत्पादन बढ़ेगा बल्कि विदेशी मुद्रा की भी बचत होगी।

# व्यापार तनाव और रुपये में गिरावट से अगस्त में एफपीआई ने 18,000 करोड़ निकाले

**नई दिल्ली ।** अमेरिका और भारत के बीच बढ़ते व्यापार तनाव, कमजोर तिमाही नतीजों और रुपये की गिरती कीमत के चलते विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने अगस्त 2025 की शुरुआत में भारतीय शेयर बाजार से भारी निकासी की है। डिपॉजिटरी आंकड़ों के अनुसार, 1 से 8 अगस्त के बीच एफपीआई ने भारतीय इक्विटी बाजार से 17,924 करोड़ रुपये निकाले। इससे पहले जुलाई 2025 में भी उन्होंने 17,741 करोड़ रुपये की निकासी की थी। इस निकासी के साथ वर्ष 2025 में अब तक एफपीआई की कुल इक्विटी निकासी 1.13 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गई है। हालांकि मार्च से जून के बीच एफपीआई ने लगभग 38,673 करोड़ रुपये का निवेश किया था, लेकिन हालिया वैश्विक और घरेलू कारकों ने उनकी निवेश भावना को कमजोर कर दिया है। बाजार के जानकारों ने कहा कि अमेरिका द्वारा भारतीय वस्तुओं पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने और उसके बाद अतिरिक्त शुल्क लगाने से बाजार में बेचैनी बढ़ गई है। वहीं रुपये की कमजोर स्थिति और कंपनियों के कमजोर तिमाही नतीजों ने भी निवेशकों की धारणा पर नकारात्मक असर डाला है। एक वरिष्ठ विश्लेषक ने बताया कि अमेरिका में बॉन्ड प्रतिफलबढ़ने से निवेशकों का रुझान वहां की ओर गया है। हालांकि एफपीआई ने समीक्षाधीन अवधि में 3,432 करोड़ सामान्य ऋण और 58 करोड़ स्वैच्छिक ऋण में भी निवेश किया। विशेषज्ञों का मानना है कि जब तक व्यापार विवाद सुलझ नहीं जाते और रुपये में स्थिरता नहीं आती, तब तक एफपीआई का रुझान कमजोर बना रह सकता है।

# एयर इंडिया ने 7 साल और बढ़ाई पायलट और केबिन क्रू की रिटायरमेंट उम्र

**- अब पायलट 65 साल, केबिन क्रू और अन्य कर्मचारी 60 साल तक कर सकेंगे काम**

नई दिल्ली ।




एयर इंडिया ने अपने पायलटों, केबिन क्रू और अन्य कर्मचारियों की रिटायरमेंट उम्र बढ़ाने का बड़ा फैसला लिया है। अब पायलटों की रिटायरमेंट उम्र 58 साल से बढ़ाकर 65 साल कर दी गई है। केबिन क्रू और अन्य कर्मचारियों की रिटायरमेंट उम्र भी 58 साल से बढ़ाकर 60 साल कर दी गई है। इसके साथ ही माना जा रहा है कि केबिन क्रू की रिटायरमेंट उम्र भी 65 साल करने पर विचार चल रहा है ताकि पायलटों के बराबर किया जा सके। यह फैसला एयर इंडिया और विस्तारा के मर्जर के बाद लिया गया है। विस्तारा में पहले से पायलटों की रिटायरमेंट उम्र 65 साल थी, जबकि एयर इंडिया में यह उम्र 58 साल थी।

दोनों एयरलाइंस के विलय के बाद रिटायरमेंट उम्र को समान करने के लिए यह निर्णय लिया गया। एयर इंडिया के सीईओ कैम्बेल विल्सन ने बताया कि इस संबंध में डीजीसीए से अनुमति भी मिल गई है, जिससे पायलट 65 साल की उम्र तक वाणिज्यिक उड़ानें भर सकेंगे। एयर इंडिया में वर्तमान में लगभग 24 हजार कर्मचारी काम कर रहे हैं, जिनमें से 3,600 पायलट और 9,500 केबिन क्रू हैं। पायलटों की रिटायरमेंट उम्र बढ़ाने का यह कदम मर्जर से जुड़ी व्यवस्थाओं को सरल बनाने और कर्मचारी संतुष्टि बढ़ाने के लिए माना जा रहा है। हालांकि, यह कदम दो महीने पहले अहमदाबाद से लंदन जा रही एयर इंडिया की उड़ान दुर्घटना के बाद आया है, जिसमें 265 लोगों की जान गई थी। प्रारंभिक जांच में पायलट की गलती सामने आई है। ऐसे में पायलटों की रिटायरमेंट उम्र बढ़ाना कुछ के लिए चौंकाने वाला निर्णय माना जा रहा है। इसके बावजूद एयर इंडिया इस फैसले के पीछे कर्मचारियों के अनुभव और विशेषज्ञता को ध्यान में रख रही है। एयर इंडिया की यह नई नीति समूह में एकरूपता लाने के साथ ही पायलटों और क्रू के लिए बेहतर करियर अवसर प्रदान करेगी।

# संसद में सोमवार को नया इनकम टैक्स बिल पेश होगा



**- 285 बदलाव शामिल, रिजिजू ने दूर की अटकल**

नई दिल्ली ।

संसद में सोमवार को नया इनकम टैक्स बिल पेश किया जाएगा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने स्पष्ट किया कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण लोकसभा में यह बिल पेश करेंगी, जिसमें सिलेक्ट कमेटी की सभी सिफारिशें और सरकार द्वारा स्वीकृत संशोधन शामिल होंगे। पिछले शुक्रवार को लोकसभा से पुराने बिल को वापस लेने के बाद मीडिया में नए बिल को लेकर कई अटकलें लगाई जा रही थीं। रिजिजू ने इन अटकलों को खारिज करते हुए कहा कि यह बिल पूरी तरह नया नहीं होगा, बल्कि पुराने बिल में सिलेक्ट कमेटी की अध्यक्षता में भाजपा सांसद बैजयंत पांडा द्वारा सुझाए गए 285 संशोधन जोड़े जाएंगे। सरकार ने इन संशोधनों को पूरी तरह स्वीकार कर लिया है। उन्होंने बताया कि पुराने बिल को वापस लेकर नया बिल पेश करना संसदीय परंपरा का हिस्सा है, खासकर जब सिलेक्ट कमेटी की रिपोर्ट में बड़े पैमाने पर संशोधन सुझाए गए हों। इससे संसद के लिए बिल पर चर्चा करना और उसे पारित करना आसान हो जाता है। रिजिजू ने कहा कि पहले बिल पर काफी मेहनत की गई थी, इसलिए नया ड्राफ्ट उसी पर आधारित है, लेकिन सभी आवश्यक संशोधन इसमें शामिल किए गए हैं।

नया इनकम टैक्स बिल पेश होने के बाद कर नियमों में कई महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिल सकते हैं, जिनमें आयकर स्लैब, छूट, रियायतें और कर प्रशासन से जुड़ी प्रक्रियाओं में सुधार शामिल हो सकता है। सरकार का मानना है कि यह कदम टैक्स व्यवस्था को सरल, पारदर्शी और समयानुकूल बनाने में मदद करेगा, जिससे करदाता और प्रशासन दोनों को लाभ होगा।

# आईसीआईसीआई बैंक आज से लेगा यूपीआई ट्रांजैक्शन शुल्क....पेमेंट एग्रीगेटर्स से

सेंसेक्स की टॉप 10 कंपनियों के मार्केट कैप में भारी उतार-चढ़ाव रहा

- सेंसेक्स की टॉप 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज शीर्ष पर बरकरार रही

मुंबई (ईएमएस)। बीते सप्ताह भारतीय शेयर बाजार में लगातार छठे सप्ताह गिरावट दर्ज की गई। इस बीच टॉप 10 सबसे वैल्यूएबल कंपनियों में से 6 कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में कुल 1,36,151.24 करोड़ रुपये की गिरावट आई। सबसे ज्यादा नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ, जिसका मार्केट कैप 34,710.8 करोड़ रुपये घटकर 18,51,174.59 करोड़ रुपये रह गया। इसके बाद एचडीएफसी बैंक का मार्केट कैप 29,722.04 करोड़ रुपये गिरकर 15,14,303.58 करोड़ रुपये, आईसीआईसीआई बैंक का 24,719.45 करोड़ रुपये घटकर 10,25,495.69 करोड़ रुपये, और इंफोसिस का 19,504.31 करोड़ रुपये घटकर 5,91,423.02 करोड़ रुपये हो गया। भारती एयरटेल और हिंदुस्तान यूनिलीवर के मार्केट कैप में भी क्रमशः 15,053.55 करोड़ और 12,441.09 करोड़ रुपये की गिरावट आई। वहीं टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), भारतीय स्टेट बैंक, एलआईसी और बजाज फाइनेंस के मार्केट कैप में बढ़ोतरी देखी गई। एलआईसी का मार्केट कैप 17,678.37 करोड़ रुपये बढ़कर 5,77,187.67 करोड़ रुपये हो गया। टीसीएस का मार्केट कैप 11,360.8 करोड़ रुपये बढ़कर 10,97,908.66 करोड़ रुपये, भारतीय स्टेट बैंक का 9,784.46 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी के साथ 7,42,649.34 करोड़ रुपये, और बजाज फाइनेंस का 186.43 करोड़ रुपये बढ़कर 5,45,148.52 करोड़ रुपये पहुंच गया। सेंसेक्स की टॉप 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज शीर्ष पर बरकरार रही। उसके बाद एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट

# जियो फाइनेंशियल ने किया शेयरधारकों को 0.50 रुपए डिविडेंड का ऐलान

**- डिविडेंड के लिए रिकॉर्ड डेट 11 अगस्त तय की गई**

**नई दिल्ली ।** जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड ने अपने निवेशकों को खुशखबरी दी है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 0.50 प्रति शेयर के फाइनल डिविडेंड की सिफारिश की है। डिविडेंड के लिए रिकॉर्ड डेट 11 अगस्त 2025 तय की गई है। यानी इस तारीख तक जिन शेयरधारकों के पास कंपनी के शेयर होंगे, वे डिविडेंड के पात्र होंगे। कंपनी की दूसरी वार्षिक आम बैठक (एजीएम) 28 अगस्त गुरुवार को होगी। एजीएम में डिविडेंड प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद, इसका भुगतान एक हफ्ते के भीतर किया जाएगा। वहीं एजीएम में वोटिंग के लिए कंपनी ने 21 अगस्त को कट-ऑफ डेट घोषित की है। इसी तारीख के आधार पर यह तय होगा कि कौन-कौन शेयरधारक एजीएम में भाग लेकर प्रस्तावों पर मतदान कर सकेंगे। शेयर बाजार की बात करें तो 8 अगस्त को बीएसई पर जियो फाइनेंशियल का शेयर 321.55 पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव 325.30 से 1.15 फीसदी कम है। कंपनी का पीई रेशियो पिछले चार तिमाहियों से 50 से ऊपर बना हुआ है, जो निवेशकों का भरोसा दर्शाता है।




# पीवीआर आईनॉक्स को मिली दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया, घाटा घटाः एमडी

**नई दिल्ली ।** मल्टीप्लेक्स ऑपरेटर पीवीआर आईनॉक्स ने चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में दर्शकों से उत्साहजनक प्रतिक्रिया पाई है। अप्रैल-जून तिमाही में कंपनी के सिनेमाघरों में 3.4 करोड़ दर्शकों ने फिल्में देखीं, जो पिछले साल की तुलना में 12 फीसदी अधिक है। कंपनी का शुद्ध घाटा 179 करोड़ रुपये से घटकर 54.5 करोड़ रुपये हो गया है, जबकि परिचालन आय बढ़कर 1,469.1 करोड़ रुपये हो गई है। कंपनी के प्रबंध निदेशक ने कहा कि बड़े पर्दे पर फिल्म देखना भारतीय दर्शकों के लिए मनोरंजन का प्रमुख माध्यम बना रहेगा। जुलाई में रिलीज हुई फिल्मों को अच्छा रिस्पॉन्स मिला है और 14 अगस्त को रजनीकांत की 'कुली' और 'वॉर 2' जैसी बड़ी फिल्मों के कारण दर्शकों की संख्या और बढ़ने की उम्मीद है। ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दर्शकों के रुझान कम होने से सिनेमाघरों में भीड़ बढ़ेगी। कंपनी दर्शकों को बेहतर अनुभव देने पर जोर दे रही है।

# पेट्रोल पंप के लाइसेंस मानकों को संशोधित कर सकती है सरकार

**- पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया**

**नई दिल्ली ।** सरकार ने पेट्रोल पंपों के लाइसेंस जारी करने के मानदंडों को शिथिल करने और नीति में सुधार करने की तैयारी शुरू कर दी है। यह कदम बदलते वैश्विक ईंधन परिदृश्य और भारत में ऊर्जा सुरक्षा एवं कार्बन उत्सर्जन घटाने के राष्ट्रीय लक्ष्यों को ध्यान में रखकर उठाया जा रहा है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने 2019 की नीति की समीक्षा के लिए एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया है। इस समिति की अध्यक्षता बीपीसीएल के पूर्व निदेशक (विपणन) सुखमल जैन कर रहे हैं। समिति में पेट्रोलियम नियोजन एवं विश्लेषण प्रकोष्ठ के महानिदेशक पी. मनोज कुमार, फिपी के सदस्य पीएस रवि और मंत्रालय के निदेशक (विपणन) अरुण कुमार भी शामिल हैं। समिति का उद्देश्य मौजूदा नीति का पुनर्मूल्यांकन, वैकल्पिक ईंधनों और इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने के सुझाव देना और नीति के क्रियान्वयन में आ रही चुनौतियों की पहचान करना है। सरकार ने 6 अगस्त को आदेश जारी कर हितधारकों और जनता से 14 दिनों के भीतर सुझाव मांगे हैं। 2019 में संशोधित नियमों के तहत, गैर-पेट्रोलियम कंपनियों को शुद्ध संपत्ति के आधार पर पेट्रोल-डीजल बेचने की अनुमति दी गई थी। वर्तमान में देश में लगभग 97,804 पेट्रोल पंप हैं, जिनमें इंडियन ऑयल, बीपीसीएल, एचपीसीएल जैसी सरकारी कंपनियों का बड़ा हिस्सा है। निजी क्षेत्र में रिलायंस-बीपी, नायरा एनर्जी और शेल के भी कई पंप संचालित हैं। वैश्विक ऊर्जा कंपनियां जैसे टोटल एनर्जीज़, बीपी, ट्रैफिगुरा और सऊदी अरामको भी भारतीय खुदरा ईंधन बाजार में हिस्सेदारी की इच्छा रखती हैं। नई नीति के जरिए सरकार ऊर्जा क्षेत्र में निवेश बढ़ाने और वैकल्पिक ईंधनों को प्रोत्साहित करने का प्रयास कर रही है।

# टैरिफ़ विवाद, मुद्रास्फीति और विदेशी निवेशक तय करेंगे बाजार की दिशा

**– भारतीय कंपनियों के जून तिमाही के नतीजे भी बाजार को प्रभावित करेंगे**

मुंबई ।




भारतीय शेयर बाजार में इस सप्ताह कई महत्वपूर्ण घटनाएं हो सकती हैं जो बाजार की दिशा को प्रभावित करेंगी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा भारत पर 50 फीसदी टैरिफ़ लगाने की घोषणा के बाद भारतीय बाजार में अनिश्चितता बनी हुई है। यह कदम भारतीय जीडीपी वृद्धि को एक फीसदी तक घटा सकता है, जिससे निवेशकों में चिंता है। हालांकि, व्यापार वार्ता में संभावित सुधार से स्थिति में कुछ राहत मिल सकती है, लेकिन घरेलू बाजार इस पर नज़र बनाए रखेगा। इसके अलावा भारतीय और अमेरिकी मुद्रास्फीति के आंकड़े भी बाजार में हलचल पैदा कर सकते हैं। 12 अगस्त को भारत और अमेरिका दोनों देशों के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) के आंकड़े जारी होंगे। भारत का सीपीआई 1.8 फीसदी रहने का अनुमान है, जबकि अमेरिका का सीपीआई 2.8 फीसदी तक बढ़ सकता है। मुद्रास्फीति में बढ़ोतरी अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ब्याज दरों में कटौती की संभावना को कम कर सकती है, जिससे विदेशी पूंजी प्रवाह प्रभावित हो सकता है। अमेरिका और चीन के बीच व्यापार समझौते से भारत को भी असर हो सकता है।

यदि यह समझौता होता है, तो विदेशी निवेश चीन की ओर रुख कर सकता है, जिससे भारतीय बाजार में गिरावट आ सकती है। वहीं भारतीय कंपनियों के जून तिमाही के नतीजे भी बाजार को प्रभावित करेंगे। प्रमुख कंपनियों जैसे बजाज कंज्यूमर, अशोक लीलैंड और ओएनजीसी के परिणामों पर निवेशकों की नज़र रहेगी। इस हफ्ते के बाजार रुझान में वैश्विक और घरेलू संकेतकों का मिश्रित असर देखने को मिलेगा, जिससे भारतीय निवेशकों को सतर्क रहना होगा।

# रेलवे ने टिकट के डिजिटल पेमेंट पर लगने वाले एक्स्ट्रा चार्ज को बताया सुविधा शुल्क

**- एक्स्ट्रा चार्ज को लेकर राज्यसभा में उठे सवाल पर रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सफाई दी**

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन ट्रेन टिकट बुकिंग पर डिजिटल पेमेंट के दौरान लगने वाले एक्स्ट्रा चार्ज को लेकर राज्यसभा में उठे सवाल पर रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सफाई दी है। उन्होंने कहा कि यह कोई टैक्स नहीं, बल्कि कंविनियंस फीस यानी सुविधा शुल्क है, जो आईआरसीटीसी के डिजिटल सिस्टम के संचालन और अपग्रेड के लिए लिया जाता है। रेल मंत्री के अनुसार एसी टिकट बुक करने पर 20 और नॉन-एसी टिकट पर 10 का शुल्क लिया जाता है। यह शुल्क केवल ऑनलाइन टिकट बुकिंग पर लागू होता है। उन्होंने कहा कि इस डिजिटल प्लेटफॉर्म से यात्रियों को रेलवे काउंटर तक जाने की जरूरत नहीं पड़ती, जिससे समय और संसाधनों की बचत होती है। सांसद संजय सिंह ने सवाल उठाते हुए कहा था कि जब सरकार कैशलेस इकोनॉमी को बढ़ावा दे रही है, तब डिजिटल पेमेंट पर एक्स्ट्रा चार्ज लेना तर्कसंगत नहीं है। इससे डिजिटल लेनदेन को बढ़ावा मिलने के बजाय बाधा आ सकती है। रेल मंत्री ने यह भी बताया कि आज 87 फीसदी रिजर्वेशन टिकट ऑनलाइन बुक होते हैं, जो आईआरसीटीसी की डिजिटल सेवा की लोकप्रियता को दर्शाता है। इसके साथ ही रेलवे अपने पैसेंजर रिजर्वेशन सिस्टम को अत्याधुनिक बना रहा है। यह सिस्टम अब हर मिनट 1 लाख टिकट बुक करने की क्षमता रखेगा, जो फिलहाल 25,000 टिकट प्रति मिनट है। यह अपग्रेडेशन सेंट्रल फॉर रेलवे इंफॉर्मेशन सिस्टम्स के जरिए किया जा रहा है। सरकार का कहना है कि यह शुल्क डिजिटल पेमेंट को हतोत्साहित करने के लिए नहीं, बल्कि सिस्टम के रखरखाव की लागत निकालने के लिए है।

# सेंसेक्स की टॉप 10 कंपनियों के मार्केट कैप में भारी उतार-चढ़ाव रहा

**- सेंसेक्स की टॉप 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज शीर्ष पर बरकरार रही**

मुंबई ।

बीते सप्ताह भारतीय शेयर बाजार में लगातार छठे सप्ताह गिरावट दर्ज की गई। इस बीच टॉप 10 सबसे वैल्यूएबल कंपनियों में से 6 कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में कुल 1,36,151.24 करोड़ रुपये की गिरावट आई। सबसे ज्यादा नुकसान रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ, जिसका मार्केट कैप 34,710.8 करोड़ रुपये घटकर 18,51,174.59 करोड़ रुपये रह गया। इसके बाद एचडीएफसी बैंक का मार्केट कैप 29,722.04 करोड़ रुपये गिरकर 15,14,303.58 करोड़ रुपये, आईसीआईसीआई बैंक का 24,719.45 करोड़ रुपये घटकर 10,25,495.69 करोड़ रुपये, और इंफोसिस का 19,504.31 करोड़ रुपये घटकर 5,91,423.02 करोड़ रुपये हो गया। भारती एयरटेल और हिंदुस्तान यूनिलीवर के मार्केट कैप में भी क्रमशः 15,053.55 करोड़ और 12,441.09 करोड़ रुपये की गिरावट आई। वहीं टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), भारतीय स्टेट बैंक, एलआईसी और बजाज फाइनेंस के मार्केट कैप में बढ़ोतरी देखी गई। एलआईसी का मार्केट कैप 17,678.37 करोड़ रुपये बढ़कर 5,77,187.67 करोड़ रुपये हो गया। टीसीएस का मार्केट कैप 11,360.8 करोड़ रुपये बढ़कर 10,97,908.66 करोड़ रुपये, भारतीय स्टेट बैंक का 9,784.46 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी के साथ 7,42,649.34 करोड़ रुपये, और बजाज फाइनेंस का 186.43 करोड़ रुपये बढ़कर 5,45,148.52 करोड़ रुपये पहुंच गया। सेंसेक्स की टॉप 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज शीर्ष पर बरकरार रही। उसके बाद एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इंफोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एलआईसी और बजाज फाइनेंस का स्थान रहा। यह आंकड़े बाजार में जारी उतार-चढ़ाव और निवेशकों की सतर्कता को दर्शाते हैं।

# 19 अगस्त को खुलेगा श्रीजी शिपिंग और पटेल रिटेल का आईपीओ

**नई दिल्ली ।** शिपिंग समाधान कंपनी श्रीजी शिपिंग ग्लोबल लिमिटेड और सुपरमार्केट श्रृंखला पटेल रिटेल लिमिटेड का आईपीओ 19 अगस्त को खुलेगा और 21 अगस्त को बंद होगा। एंकर निवेशक 18 अगस्त को बोली लगाएंगे। श्रीजी शिपिंग के आईपीओ में केवल नया निर्गम होगा, जिसमें 1.63 करोड़ शेयर जारी किए जाएंगे। कंपनी 251.2 करोड़ रुपये अधिग्रहण और 23 करोड़ रुपये कर्ज चुकाने में खर्च करेगी। पटेल रिटेल का आईपीओ 85.18 लाख नए शेयरों और 10.02 लाख शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) का संयोजन है। इसकी अनुमानित राशि 250-300 करोड़ है। यह कंपनी 59 करोड़ कर्ज चुकाने, 115 करोड़ कार्यशील पूंजी और शेष राशि सामान्य खर्चों में लगाएगी। दोनों कंपनियों के शेयर 26 अगस्त को शेयर बाजार में सूचीबद्ध होंगे। इससे पहले, 11 और 12 अगस्त को तीन अन्य कंपनियों के आईपीओ भी खुल रहे हैं।




# हाइब्रिड फंड्स में निवेशकों का बढ़ता भरोसा

**- आर्बिट्राज और मल्टी एसेट फंड्स ने मारी बाज़ी**

**नई दिल्ली ।** जून 2025 को समाप्त तिमाही में ओपन-एंडेड हाइब्रिड स्कीम्स में निवेशकों की प्राथमिकताओं में बड़ा बदलाव देखने को मिला है। ताजा रिपोर्ट के अनुसार इस तिमाही में आर्बिट्राज फंड्स और मल्टी एसेट एलोकेशन फंड्स सबसे तेजी से आगे बढ़े हैं। मार्च 2025 की तुलना में आर्बिट्राज फंड्स का एयूएम 22.2 फीसदी बढ़ा, जबकि मल्टी एसेट एलोकेशन फंड्स में 15.4 फीसदी की वृद्धि हुई। यह ट्रेंड इस बात का संकेत है कि निवेशक अब कम जोखिम और स्थिर रिटर्न वाले विकल्पों की ओर रुख कर रहे हैं। हाइब्रिड फंड कैटेगरी में भी अच्छा प्रदर्शन देखने को मिला। बैलेंस्ड हाइब्रिड/एग्रेसिव हाइब्रिड फंड्स ने 8.9 फीसद की वृद्धि दर्ज की, जबकि इक्विटी सेविंग्स फंड्स में 8.2 फीसदी और डायनेमिक एसेट एलोकेशन/बैलेंस्ड एडवांटेज फंड्स में 8.1 फीसदी की बढ़त हुई। इसके विपरीत, कंजरवेटिव हाइब्रिड फंड्स सबसे कमजोर साबित हुए, जिनमें मात्र 3.4 फीसदी की वृद्धि देखी गई।



# मायासभा में कैसा होगा दिव्या दत्ता का किरदार, एक्ट्रेस ने किया खुलासा

राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेत्री दिव्या दत्ता ने तेलुगु सीरीज मायासभा- द राइज ऑफ द टाइटन्स में अपने किरदार को लेकर खुलकर बात की। इसमें वह राजनीतिक नेता इरावती बोस का किरदार निभा रही हैं। उन्होंने बताया कि उनका किरदार चालाकी से दूसरों को अपनी बातों में फंसाने वाला और उनका फायदा उठाने वाला है। उन्होंने बताया कि उनका किरदार इरावती ताकतवर है; साथ ही, वह अपनी कमजोरियों को भी छुपाती हैं ताकि लक्ष्य को हासिल करने में उनके रास्ते में कोई बाधा न बन सके। दिव्या दत्ता ने कहा कि इरावती के चालाक और हिसाब से काम करने वाले गुण उनके लिए सिर्फ एक कमजोरी या ताकत नहीं हैं, बल्कि ये सब मिलाकर उनके जीवन की स्थिति को समझने का एक तरीका है। उन्होंने बताया कि एक अभिनेता के रूप में, उनका काम यह है कि वे अपने किरदार को निभाते वक्त इन गुणों को अलग-अलग तरीके से दिखाएं, जैसे कभी कुछ शब्दों को थोड़ा ऊपर, कभी नीचे, या कभी थोड़ा बदलकर, ताकि वह किरदार सच्चे और प्रभावी तरीके से दर्शकों तक पहुंच सके। एक्ट्रेस ने 1994 में फिल्म इश्क में जीना, इश्क में मरना से अपने करियर की शुरुआत की थी। वह अपने किरदारों में अलग-अलग पहलुओं को एक्सप्लोर करना पसंद करती हैं। न्होंने कहा, जब हम किसी किरदार पर काम करते हैं, तो हम उसमें थोड़ी सी चालाकी, थोड़ी सी मस्ती, थोड़ी सी बुद्धिमानी, या कभी-कभी एक इमोशनल उतार-चढ़ाव जोड़ते हैं। यह सब मिलाकर किरदार को और भी वास्तविक और दिलचस्प बनाता है।

मायासभा- द राइज ऑफ द टाइटन्स एक राजनीतिक ड्रामा वेब सीरीज़ है, जिसे देवा कट्टा और किरण जय कुमार ने डायरेक्ट किया है। इसमें चैतन्य राव, आधी, रवींद्र विजय, नासर, साई कुमार और चरिता वर्मा नजर आएंगे। इसके अलावा रघु बाबू, भावना वझापंडल और तान्या एस रविचंद्रन जैसे कलाकार भी सीरीज का हिस्सा हैं। यह सीरीज़ 1990 के दशक के आंध्र प्रदेश की राजनीति पर आधारित है।



# सीजनल नहीं, इंसानी कहानियां हैं क्वीर स्टोरीज

अभिनेत्री-निर्माता श्वेता त्रिपाठी के ड्रामा कॉक को मुंबई और दिल्ली में प्राइड मंथ के दौरान खूब सराहना मिली। उन्होंने कहा कि क्वीर कहानियां सीजनल नहीं, बल्कि मानवीय हैं, जो साल भर सम्मान की हकदार हैं। श्वेता अपनी स्टेज प्रोडक्शन कंपनी ऑलमायटी के तहत इस ड्रामा को भारत के अन्य शहरों में ले जाने की तैयारी कर रही हैं। श्वेता ने बताया, यह ड्रामा मेरे दिल के बहुत करीब है। एक सहयोगी के रूप में, हमें हर दिन इन कहानियों को बढ़ावा देना चाहिए। ये इंसानी कहानियां हैं, जिन्हें जगह और सम्मान मिलना चाहिए। उन्होंने बताया कि एक कलाकार के रूप में वह उस दुनिया की विविधता को दिखाने की जिम्मेदारी महसूस करती हैं, जिसमें हम रहते हैं। कॉक एक ड्रामा है, जो प्यार, पहचान और सेक्सुअलिटी जैसे विषयों पर बनी है। ब्रिटिश नाटककार माइक बार्टलेट लिखित और मनीष गांधी के निर्देशन में बने इस नाटक में एक पुरुष की कहानी है, जो अपने पुराने पुरुष साथी और एक महिला के प्रति आकर्षण के बीच उलझा है। यह नाटक भारतीय रंगमंच में एलजीबीटीक्यू प्लस प्रतिनिधित्व को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा छेड़ रहा है। श्वेता ने बताया कि वह साल 2025 और 2026 तक इस नाटक को और शहरों में ले जाने की योजना बना रही हैं, ताकि नए दर्शकों के साथ भी यह बातचीत जारी रहे। नाटक के अलावा, श्वेता एक निर्माता के रूप में अपनी पहली फिल्म की तैयारी कर रही हैं, जो एक मार्मिक क्वीर प्रेम कहानी होगी। एक्टिंग की बात करें तो श्वेता साल 2023 में आई विपुल मेहता की कॉमेडी फिल्म कंजूस मखीचूस में नजर आई थीं। कंजूस मखीचूस का निर्माण सोहम रॉकस्टार एंटरटेनमेंट के साथ थंडरस्काई एंटरटेनमेंट ने किया है। यह फिल्म प्रसिद्ध गुजराती नाटक सजन रे झूठ मत बोलो पर आधारित है। फिल्म में श्वेता त्रिपाठी के साथ कुणाल खेमू, पीयूष मिश्रा, अलका अमीन और राजीव गुप्ता अहम भूमिकाओं में हैं। जी5 पर रिलीज हुई कंजूस मखीचूस कमीडियन राजू श्रीवास्तव की आखिरी फिल्म रही।



# बैटल ऑफ गलवान का उद्देश्य वास्तविक नायकों को सम्मान देना है

अभिनेत्री चित्रांगदा सिंह जल्द ही सलमान खान के साथ फिल्म में नजर आएंगी। इस फिल्म का टाइटल बैटल ऑफ गलवान है। उन्होंने फिल्म को साहस और वीरता की एक सच्ची और जमीनी कहानी बताया। वास्तविक घटनाओं पर आधारित इस फिल्म को चित्रांगदा ने रियल हीरोज का सम्मान बताया। अभिनेत्री चित्रांगदा सिंह का कहना है कि उन्हें इस फिल्म में सबसे खास चीज जो नजर आई है, वह थी इसकी भावनात्मक गहराई और मजबूत थीम। चित्रांगदा ने फिल्म के बारे में बताया, यह एक ऐसी कहानी है जो साहस और वीरता को दर्शाती है। आर्मी बैकग्राउंड होने की वजह से मैंने इस फिल्म से जुड़ने के बारे में सोचा। मैंने इस घटना के बारे में पहले काफी सुना था। इस फिल्म का हिस्सा बनना मेरे लिए गर्व की बात है। चित्रांगदा सिंह ने आगे कहा, फिल्म की कहानी सुनकर गर्व होता है, और मैं फिल्म में अपनी भूमिका को एक किरदार से बढ़कर मानती हूं, क्योंकि फिल्म का उद्देश्य केवल वास्तविक नायकों को सम्मान देना और कम चर्चित कहानियों को मुख्यधारा में लाने का एक प्रयास है।



फिल्म में सलमान खान के साथ काम करने के अनुभव के बारे में चित्रांगदा ने कहा, सलमान जिस प्रोजेक्ट का हिस्सा होते हैं, वह अपने आप में बड़ा बन जाता है। चाहे अभिनेता हो या तकनीशियन, सब कुछ बड़े स्तर पर होता है। यह कहानी ऐसी है जिसे बताया जाना चाहिए, और मुझे खुशी है कि मैं इसका हिस्सा हूं। इससे पहले सलमान खान फिल्म्स ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर इंडिया गेट से चित्रांगदा सिंह की एक खूबसूरत तस्वीर शेयर की। साथ में लिखा, सादगी और शालीनता का रूप चित्रांगदा सिंह का बैटल ऑफ गलवान की टीम में स्वागत है।




# सबसे महंगी एक्शन फिल्म बनी वॉर 2, रजनीकांत की 'कूली' को देगी कड़ी टक्कर

400 करोड़ का बजट, 90 करोड़ में तेलुगु राइट्स और सुपरस्टार्स को मुनाफे में हिस्सेदारी। 'वॉर 2' संभवतः बॉलीवुड की सबसे बड़ी एक्शन फिल्म बनने वाली है। फिल्म में पानी की तरह पैसा कहां बहाया गया? और इससे थिएटर मालिकों और डिस्ट्रीब्यूटर्स को इतनी उम्मीद क्यों हैं?

## स्टार्स और टेक्निकल टीम की फीस

फिल्म में ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर जैसे बड़े सितारे हैं, जिनकी फीस 50 से 75 करोड़ रुपये तक मानी जा रही है। इसके साथ ही कियारा आडवाणी, निर्देशक अयान मुखर्जी और टेक्निकल क्रू की फीस को मिलाकर सिर्फ कास्ट और टीम पर 100 से 150 करोड़ रुपये तक का खर्च हुआ है।

## इंटरनेशनल शूट और वीएफएक्स

डायरेक्टर अयान मुखर्जी ने फिल्म को इंटरनेशनल लेवल पर शूट किया है। इसमें हॉलीवुड स्टंट- कोरियोग्राफर्स की मदद से बोट चेज, कार एक्शन और हैंड-टू-हैंड फाइट सीन शामिल किए गए हैं। ड्रोन शॉट्स, ग्रीन स्क्रीन और हाई-क्वालिटी वीएफएक्स की वजह से पोस्ट-प्रोडक्शन का खर्च काफी बढ़ा।

## आईमैक्स और डॉल्बी सिनेमा रिलीज

'वॉर 2' भारत की पहली फिल्म होगी जो डॉल्बी सिनेमा में रिलीज होगी। साथ ही इसे आईमैक्स स्क्रीन्स पर भी रिलीज किया जाएगा। इसके लिए खास कैमरा इक्विपमेंट और मास्टरिंग की जरूरत होती है, जो कि बहुत महंगा है। फिल्म में काम कर रही इंटरनेशनल स्टंट टीमें न सिर्फ महंगी हैं, बल्कि उनके साथ शूटिंग के दौरान बीमा, सुरक्षा और बॉडी डबल्स का खर्च भी जुड़ा होता है। फिल्म के ग्लोबल डिजिटल कैंपेन, सोशल मीडिया, इंटरनेशनल म्यूजिक स्कोर और डबिंग पर भी बड़ी रकम खर्च की गई है।

## इंटरनेशनल स्केल पर 6 देशों में शूटिंग

'वॉर 2' की शूटिंग 150 दिनों में 6 देशों में हुई है। स्पेन के सलामांका और मैड्रिड में कार चेज सीन, अबू धाबी में बोट चेज और इटली में एक्शन सीन शूट किए गए। जापान और रूस में भी कुछ अहम सीन फिल्माए गए हैं। क्लाइमैक्स का 15 दिन का शेड्यूल मुंबई में यशराज स्टूडियो और फिल्म सिटी में हुआ है। पूरी शूटिंग बेहद सख्त सिक्योरिटी के बीच की गई ताकि कुछ भी लीक न हो।

# इस वजह से रुबीना ने स्वीकारा पति पत्नी और पंगा का ऑफर

लोकप्रिय टीवी अभिनेत्री रुबीना दिलैक और उनके पति अभिनव शुक्ला पॉपुलर शो पति-पत्नी और पंगा में नजर आ रही हैं। अभिनेत्री ने आईएएनएस के साथ बातचीत में बताया कि उन्होंने मां बनने के बाद शो का ऑफर क्यों स्वीकार किया। अभिनेत्री ने बताया, इस शो की कहानी उनकी जिंदगी के नए दौर से मेल खाती है। साथ ही इस शो के जरिए उन्हें अपने पति अभिनव के साथ स्क्रीन पर नया अनुभव करने का मौका मिला। मां बनने के बाद मैं अपने पति के साथ ज्यादा समय बिताना चाहती थी। कुछ मस्ती भी करनी थी, इसलिए मैंने यह शो किया।

जब अभिनेत्री से पूछा गया, क्या रियलिटी शो स्क्रिप्टेड होते हैं? अभिनेत्री ने बताया, रियलिटी शो स्क्रिप्टेड नहीं होते, लेकिन उन्हें थोड़ा निर्देशित किया जाता है। अगर कोई चीज अच्छी चल रही हो, तो शो के निर्माता उसे और हाइलाइट करते हैं। यह स्क्रिप्टेड नहीं, बल्कि गाइडेड होता है। वहीं, अभिनेता अभिनव शुक्ला ने रियलिटी शो में स्क्रीन टाइम और रिश्तों की लंबी उम्र के बारे में भी बात की। उनके मुताबिक, रिश्ते में जितना ज्यादा स्क्रीन टाइम होता है, रिश्ता उतना ही कम समय तक चल सकता है। रुबीना ने उनकी बात का समर्थन करते हुए कहा, अभिनव सही कह रहे हैं। जितना ज्यादा हम एक-दूसरे की बातों और सोच को स्वीकार करेंगे, रिश्ता उतना ही बेहतर होगा। एक अच्छा रिश्ता तब बनता है, जब हम एक-दूसरे को वैसे ही अपनाएं, जैसे हम हैं। जब हम ये समझते हैं कि हम अलग हैं और फिर भी एक-दूसरे की इज्जत करते हैं, तो रिश्ते में प्यार और समझ बढ़ती है।

अभिनव शुक्ला ने बताया कि जब किसी बात पर बहस या मतभेद होता है, तो वह उसे संभालने का एक शांत तरीका अपनाते हैं। अभिनव ने कहा, जब हम दोनों के बीच झगड़ा होने लगता है, तो मैं थोड़ा पीछे हट जाता हूं, या फिर रुबीना को स्पेस देता हूं, थोड़ी देर बाद शांत होकर दोबारा उस बात पर चर्चा करता हूं, ताकि समस्या आसानी से सुलझ जाए। कुछ परेशानियां, कुछ घंटों में सुलझ जाती हैं, तो कुछ में ज्यादा समय लग जाते हैं। अभिनव ने मजाकिया अंदाज में कहा, हमारे रिश्ते में तो मैं बस यही कहता हूं, जो तुम कहो। और, अब ये लाइन काफी फेमस हो गई है। शो की शुरुआत 2 अगस्त से हो चुकी है और इसे कलर्स टीवी पर प्रसारित किया जा रहा है। शो को अभिनेत्री सोनाली बेंद्रे और कॉमेडियन मुनव्वर फारूकी होस्ट कर रहे हैं।





# फरहान अख्तर ने राशि खन्ना की जमकर तारीफ की

'120 बहादुर' का टीज़र लॉन्च केवल एक प्रमोशनल इवेंट नहीं था, बल्कि यह आपसी सम्मान, कलात्मक तालमेल और साझा उद्देश्य का एक सशक्त उत्सव बन गया। इस कार्यक्रम में पैन-इंडिया स्टार राशी खन्ना और फरहान अख्तर ने दर्शकों को अपने ऑफ-स्क्रीन रिश्ते की एक झलक दिखाई, जो आपसी सम्मान और सच्ची केमिस्ट्री पर आधारित था। टीज़र में जहाँ रेजांग-ला के युद्ध की एक गंभीर और भावनात्मक कहानी दिखाई गई, वहीं मंच पर एनर्जी ताज़गी भरी, फिर भी बेहद सम्मानजनक रही। फिल्म में राशि के किरदार पर बात करते हुए फरहान अख्तर ने उनकी तारीफ़ करने से खुद को रोक नहीं पाए- राशि, आपके साथ काम करना एक बेहद शानदार अनुभव रहा। वह कहती हैं कि यह कहानी खुद उनके पास आई, लेकिन मुझे लगता है कि शायद इसका उल्टा हुआ है।

मेरा मानना है कि रास्ते खुद उन लोगों को ढूंढते हैं जो उन्हें निभाने के लिए सबसे उपयुक्त होते हैं। और इस भूमिका के लिए राशि को लेना — इससे बेहतर निर्णय हम कर ही नहीं सकते थे। वह फिल्म में बेहद शानदार हैं। आपने जो अभी देखा है, वह तो सिर्फ़ एक टीज़र है — असली जादू अभी बाकी है। यह एक सच्चे सम्मान का पल था, जिसने राशि को भी भावुक कर दिया। उन्होंने उतनी ही गर्मजोशी और सच्चाई से जवाब दिया- जब हम इस फिल्म के लिए एक साथ आए, तो सबसे पहले मुझे फरहान सर का धन्यवाद करना है क्योंकि उन्होंने ही बातचीत की शुरुआत की। मैं थोड़ी शर्मीली हूं, लेकिन सर बहुत ही विनम्र और सहज थे।एक व्यक्ति के रूप में उनकी ख़ासियत पर विचार करते हुए, उन्होंने आगे कहा- मेरे माता-पिता ने हमेशा सिखाया है कि किसी इंसान को समझना हो, तो यह देखो कि वह अपने आसपास के लोगों से कैसा व्यवहार करता है। और फरहान सर हर किसी को बराबरी का सम्मान देते हैं — चाहे वह कोई भी हो। यह एक ऐसी खूबी है जो मैंने बहुत कम लोगों में देखी है। इसलिए मैं उन्हें एक इंसान के तौर पर और भी ज़्यादा पसंद करती हूं। बेशक, मैं उन्हें एक अभिनेता और निर्देशक के रूप में सराहती हूं, लेकिन मुझे लगता है कि मैं उन्हें एक इंसान के रूप में भी बहुत पसंद करती हूँ। वह बहुत ही प्रेरणादायक और बहुत ही अनुशासित हैं। और अब तो सब जानते हैं कि जब मैं कुछ कहती हूं, तो दिल से कहती हूं। और मैं दिल से कह रही हूं — यह अनुभव वाकई अद्भुत रहा है। और मैं सच में उम्मीद करती हूं कि आगे भी मुझे उनके साथ काम करने के ऐसे और मौके मिलें।

मीडिया ने भी उनकी सहज दोस्ती और मंच पर साझा किए गए हल्के-फुल्के पलों को तुरंत भांप लिया। फरहान और राशि की हाज़िरजवाबी और सेंस ऑफ ह्यूमर ने पूरे इवेंट को जीवंत बनाए रखा। '120 बहादुर' जैसी फिल्म, जो गहरे भावनात्मक स्तर और जटिल पात्रों पर आधारित है, उसमें ऑफ-स्क्रीन तालमेल ऑन-स्क्रीन प्रभाव को और भी गहरा बना देता है। और जहाँ एक ओर पूरी नज़र फिल्म की कहानी और इसके भव्य पैमाने पर है, वहीं अब इसके मुख्य कलाकारों के बीच की यह सधी हुई, पर सच्ची केमिस्ट्री दर्शकों की उत्सुकता को एक और स्तर पर ले जा रही है।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in